MIRAE ASSET
Mutual Fund



# डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए निर्देश

# वाईस-चेयरमैन और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर का संदेश



**श्री स्वरूप आनंद मोहंती**
वाईस-चेयरमैन और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर

प्रिय डिस्ट्रीब्यूटर्स,

मैं मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के वाईस-चेयरमैन और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर आपके समर्पण, कड़ी मेहनत और आपकी असाधारण सर्विस के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। आपका योगदान हम सबकी कामयाबी और विकास में बहुत महत्वपूर्ण रहा है।

पिछले एक साल में हमारी साझेदारी ने अपनी मज़बूती और मुश्किलों से लड़ने की काबिलियत का परिचय दिया है। चुनौतीपूर्ण मार्केट कंडीशन और दुनिया में हुई आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद हमने न केवल इन मुश्किलों का सामना किया है, बल्कि साथ मिलकर शानदार उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। हमारे म्यूचुअल फंड्स ने आम तौर पर बेंचमार्क्स के अनुरूप प्रदर्शन किया है, जो हमारे क्लाइंट्स को बेहतर फाइनेंशियल समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मैं भविष्य की ओर देखते हुए उम्मीदों से भरा हुआ हूँ। फाइनेंशियल तस्वीर तेज़ी से बदल रही है और कई सेक्टर्स में नए मौके मिलने वाले है। हमारा लक्ष्य इन मौकों का फायदा उठाते हुए अपने क्लाइंट्स को निवेश के बेहतरीन विकल्प प्रदान करना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम कई नई पहल शुरू कर रहे हैं।

1. ज़्यादा प्रोडक्ट्स ऑफर करना: हम अपने निवेशकों की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए नए म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट्स के साथ अपने पोर्टफोलियो को बढ़ा रहे हैं। इन ऑफरिंग्स में सेक्टर स्पेसिफिक फंड्स, सस्टेनेबल और ईएसजी-फोकस्ड फंड्स, और सामाजिक तौर पर जिम्मेदार निवेश की बढ़ती डिमांड को पूरा करने वाले नए फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स शामिल हैं। इन नए विकल्पों के बारे में क्लाइंट्स को जानकारी देने और उन्हें गाइड करने में आपकी भूमिका इन सभी को कामयाब बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगी।.

2. डिजिटल बदलाव: आज के डिजिटल युग में एक कदम आगे रहना ज़रूरी है। हम अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को बेहतर बनाने और उन्हें ज़्यादा यूज़र-फ्रेंडली और सुलभ बनाने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी में काफी निवेश कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य मार्केट की जानकारी, फंड के प्रदर्शन और इनवेस्टमेंट टूल्स तक आसान, रीयल-टाइम एक्सेस देना है। हमारा मानना है कि ये बदलाव हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स को शानदार सर्विस प्रदान करने और क्लाइंट्स से उनके संबंधों को मज़बूत बनाने में मदद करेंगे।

4. क्लाइंट्स के साथ संबंधों को मज़बूत बनाना: क्लाइंट्स के साथ अच्छे संबंध बनाना और बनाए रखना हमारे बिज़नेस का सबसे अहम हिस्सा है। हम अपने क्लाइंट्स की विशिष्ट ज़रूरतों और प्राथमिकताओं को समझने के लिए आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हम पर्सनलाइज़्ड इनवेस्टमेंट समाधान और बेहतरीन कस्टमर सर्विस प्रदान करके लंबे समय तक क्लाइंट को संतुष्टि दे सकते हैं और उनकी लॉयल्टी प्राप्त कर सकते हैं।
5. सस्टेनेबल ग्रोथ: हम सस्टेनेबल और ज़िम्मेदार निवेश को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमारी निवेश रणनीतियों में ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) मानदंडों पर हमारा ध्यान समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक असर डालने के हमारे समर्पण को दर्शाता है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबल ग्रोथ न केवल हमारे क्लाइंट्स के लिए, बल्कि उस दुनिया के लिए भी फायदेमंद है जिसमें हम रहते हैं।

यह हैंडबुक आपको इस क्षेत्र में अपनी प्रभावशीलता बढ़ाने और कामयाब होने के लिए मददगार जानकारी और टूल्स प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। यह हमारी इंडस्ट्री की मुश्किलों से निपटने में काफी अहम साबित होगी।

आपने हमें जो समर्थन दिया है और आपके साथ हमारी साझेदारी के लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आपने हमारी कंपनी में जो विश्वास और भरोसा दिखाया है, वह वाकई शानदार है। साथ मिलकर हमने एक मज़बूत नींव रखी है और मुझे यकीन है कि हम और भी नई ऊँचाइयाँ छूते रहेंगे।

मैं आखिर में फिर से दोहराना चाहता हूँ कि हमारी कामयाबी आपकी कामयाबी से जुड़ी हुई है। आपके इनसाइट और फीडबैक अमूल्य हैं जिनसे हमें लगातार सुधार करने और ननई चीज़ें अपनाने में मदद मिलती है। आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए एक बार फिर से धन्यवाद। मैं हमारी साझेदारी को इसी तरह जारी रखने और आगे आने वाले शानदार मौकों का इंतज़ार कर रहा हूँ।

# डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संदेश



**सुश्री सुरंजना बोरठाकुर**
हेड ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन एंड स्ट्रेटेजिक अलायन्सेज़

प्रिय डिस्ट्रीब्यूटर्स,

मिराए एसेट म्यूचुअल फंड ने भारत में एसेट मैनेजमेंट में 16 साल पूरे कर लिए हैं और हमारे MFD सेगमेंट का एसेट अंडर मैनेजमेंट में महत्वपूर्ण योगदान (36%) है। हम अपने सभी डिस्ट्रीब्यूशन डिस्ट्रीब्यूटर्स को बेहतरीन सर्विसेज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स के दीर्घकालिक व्यावसायिक हितों को ध्यान में रखते हुए डिस्ट्रीब्यूटर्स हैंडबुक का यह संस्करण लॉन्च कर रहे हैं जो आपको प्रक्रियाओं और ट्रांज़ैक्शन से संबंधित रेगुलेटरी अपडेट्स के बारे में जानकारी देगी और हमारे डिजिटल एसेट्स को लेकर आपके मन में आ रहे सवालों के जवाब देने में मदद करेगी। यह आपके सफर को बेहतर और आसान बनाने के उद्देश्य से एक पहल है, और हमें उम्मीद है कि हम आने वाले सालों में ऐसे और भी कई समाधान लेकर आएंगे।

आप अपने बिज़नेस में लगातार कामयाब होते रहें यही शुभकामना है!



**श्री चंदन भटनागर**
हेड - ऑपरेशन्स एंड इनवेस्टर रिलेशन्स

प्रिय डिस्ट्रीब्यूटर्स,

हमें डिस्ट्रीब्यूटर्स की हैंडबुक शेयर करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह हैंडबुक आपको महत्वपूर्ण जानकारी, प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों पर व्यापक गाइडलाइन और आसान रेफरेंस के लिए विभिन्न रेगुलेटरी पहलुओं के बारे में जानकारी देने के लिए तैयार की गई है।

हम मिराए एसेट म्यूचुअल फंड में अपने सम्मानीय डिस्ट्रीब्यूटर्स को बहुत अहमियत देते हैं और हम दोनों के लक्ष्यों को पाने के लिए बेहतर तालमेल बनाने में विश्वास करते हैं। इस पहल में हमारा लक्ष्य कस्टमर्स को ज़्यादा कुशलता के साथ सर्विस देना और उनके अनुभव को बेहतर बनाना है।

हमारी आपसे गुज़ारिश है कि कृपया डॉक्यूमेंट को ध्यान से पढ़ें और अपने अहम फीडबैक और सुझाव दें। हमें आपके सवालों का जवाब देने में खुशी होगी। कृपया हमारी ईमेल आईडी: customercare@miraeasset.com पर हमसे संपर्क करें या हमें हमारे टोल-फ्री नंबर - 1800 2090 777 पर कॉल करें।

हम उम्मीद करते हैं कि आपका और हमारा साथ हमेशा कायम रहेगा।

# विषयसूची


| | |
|---|---|
| **नए रेगुलेटरी बदलाव** | 07 |
| अपने कस्टमर को जानें (KYC) | 08 |
| एडिशनल KYC | 13 |
| बैंक अकाउंट वेलिडेशन | 14 |
| नॉमिनेशन | 15 |
| PAN – निवेशकों के लिए नाम का वेलिडेशन | 20 |
| रिकॉर्ड में PAN / PEKRN अपडेशन का महत्व | 27 |
| ईमेल और मोबाइल नंबर वेलिडेशन | 27 |
| फॉरेन अकाउंट टैक्स कंप्लायंस एक्ट (FATCA) | 27 |
| अल्टीमेट बेनेफिशरी ओनर और नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइज़ेशन | 27 |
| **ट्रांज़ैक्शन के प्रकार और तरीके** | 28 |
| ट्रांज़ैक्शन के प्रकार | 29 |
| ट्रांज़ैक्शन के तरीके | 29 |
| कट-ऑफ टाइमिंग्स | 29 |
| **फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन्स** | 30 |
| फाइनेंशियल ट्रांज़ेक्शन | 31 |
| फिजिकल मोड से फ्रेश पर्चेज़ | 31 |
| ऑनलाइन फ्रेश पर्चेज़ | 31 |
| रिडेम्पशन | 33 |
| स्विच | 34 |
| सिस्टेमेटिक ट्रांज़ैक्शन्स | 35 |
| वन टाइम मैंडेट (OTM) | 36 |
| नए और मौजूदा निवेशकों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | 38 |
| नई निवेशक की जर्नी- ISIP | 38 |
| SIP पॉज़ | 39 |
| SIP का मॉडिफिकेशन | 40 |
| SIP कैंसलेशन | 40 |
| मिस्ड SIP की सुविधा | 40 |
| कॉर्पोरेट SIP (पहले ग्रुप इन्वेस्टमेंट प्लान - GRIP के नाम से जाना जाता था) | 41 |
| सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान | 41 |
| FLEX STP (पहले वेरिएबल ट्रांसफर प्लान-VTP के नाम से जाना जाता था) | 42 |
| सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान | 42 |
| **नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन्स** | 43 |
| बैंक डिटेल्स में बदलाव | 44 |
| मल्टीपल बैंक मैंडेट रजिस्ट्रेशन | 44 |
| कॉन्टेक्ट डिटेल्स का अपडेशन - ईमेल/मोबाइल नंबर | 44 |
| होल्डिंग के तरीके का अपडेशन/बदलाव | 44 |
| नॉमिनी का रजिस्ट्रेशन, कैंसलेशन, बदलाव और ऑप्ट-आउट | 45 |
| फोलियो का कंसोलिडेशन | 46 |

# विषयसूची


| | |
|---|---|
| माइनर यूनिट होल्डर के गार्डियन में बदलाव | 46 |
| फोलियो का ट्रांसमिशन | 46 |
| PAN का अपडेशन | 50 |
| PAN में बदलाव | 50 |
| लिअन मार्किंग / प्लेज | 50 |
| लिअन अन-मार्किंग / अनप्लेज | 50 |
| पावर ऑफ अटॉर्नी का रजिस्ट्रेशन | 50 |
| पावर ऑफ अटॉर्नी का रेवोकेशन / कैंसलेशन | 51 |
| टैक्स स्टेटस का माइनर से मेजर में बदलाव | 51 |
| सिग्नेचर में बदलाव | 51 |
| वारंट का रीवेलिडेशन | 52 |
| रेजिडेंशियल इंडिविजुअल से नॉन-रेजिडेंशियल इंडिविजुअल स्टेटस में बदलाव (या इससे उलट) | 53 |
| जन्म तिथि का अपडेशन | 54 |
| IFSC और MICR कोड का अपडेशन | 54 |
| थम्ब इम्प्रेशन का अपडेशन | 54 |
| FATCA डिटेल्स का अपडेशन | 54 |
| UBO अपडेशन | 55 |
| NPO अपडेशन | 55 |
| DTAA अपडेशन | 55 |
| फॉर्म 15H / फॉर्म 15G अपडेशन | 55 |
| अनक्लेम्ड IDCW / रिडेम्पशन | 56 |
| नाम में बदलाव | 57 |
| नॉन-डीमैट [स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट ('SOA')] मोड में रखी गई यूनिट्स का ट्रांसफर | 60 |
| **हमारे डिजिटल एसेट्स** | 61 |
| डिस्ट्रीब्यूटर इनिशिएटेड ट्रांज़ैक्शन्स - पोर्टल | 62 |
| DIT मॉड्यूल में मौजूदा वन टाइम मैंडेट (OTM) से SIP रजिस्ट्रेशन | 69 |
| AMC के DIT पोर्टल के ज़रिए SIP मॉडिफिकेशन ऑप्शन की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड | 74 |
| वेबसाइट - इन्वेस्टर पोर्टल | 83 |
| मोबाइल एप्लीकेशन सुविधा - इन्वेस्टर्स - व्हाट्सएप और चैटबॉट सुविधा | 88 |
| **रेगुलेटरी प्रक्रिया - डिस्ट्रीब्यूटर** | 96 |
| KYD (अपने डिस्ट्रीब्यूटर को जानें) | 97 |
| एमपेनलमेंट | 97 |
| इनवैलिड ARN के साथ रेगुलर प्लान के अंतर्गत प्राप्त ट्रांज़ैक्शन की प्रोसेसिंग के लिए गाइडलाइन्स | 97 |
| डिस्ट्रीब्यूटर कोड में बदलाव | 98 |
| AUM ट्रांसफर | 98 |
| ARN एक्सपायरी | 99 |
| सेल्फ- डिक्लेरेशन फॉर्म (SDC) की एनुअल डिक्लेरेशन सबमिट करना | 100 |
| EUIN रेमेडिएशन | 100 |
| रेगुलर प्लान के NFO में ट्रांज़ैक्शन स्विच करने के मामले में कमीशन रेट की एप्लिकेबिलिटी | 101 |



# नए रेगुलेटरी बदलाव

# नए रेगुलेटरी बदलाव

MIRAE ASSET
Mutual Fund

## अपने कस्टमर को जानें (KYC):




म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए KYC नॉर्म्स का पालन करना रेगुलेटरी ज़रुरत है। 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी, KRAs ने ऑफिशियल डेटाबेस (जैसे PAN पर इनकम टैक्स डेटाबेस, आधार XML/डिजी लॉकर/M-आधार) और ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर (जहाँ उपलब्ध हो) के साथ उपरोक्त चार विशेषताओं, जैसे PAN, नाम और एड्रेस, को वैलिडेट करने के बाद, सभी मौजूदा KYC कॉम्पलाइड निवेशकों का KYC स्टेटस बदल दिया है।

मौजूदा KYC रिकॉर्ड के लिए तीन संभावित स्टेटस हैं:

- KYC वेलिडेटेड।
- KYC रजिस्टर्ड।
- KYC ऑन होल्ड।

SEBI सर्क्युलर (SEBI/HO/MIRSD/SECFATF/P/CIR/2024/12 दिनांक 20 फरवरी 2024) के क्रम में, 1 अगस्त 2024 से KYC KRAs में FATCA और CRS के अंतर्गत सर्टिफिकेशन के सेंट्रलाइज़ेशन का सेंट्रलाइज़ेशन लागू है। गाइडलाइन्स के अनुसार, 1 अगस्त 2024 से सबमिट किए गए सभी नए KYC के साथ एक अतिरिक्त डॉक्यूमेंट एनक्लोज़ होना चाहिए, जिसका नाम FATCA CRS फॉर्म होगा, नहीं तो KYC एप्लीकेशन को नॉन-कॉम्पलिएंट माना जाएगा।

CVL और CAMS KRA ने जानकारी कैप्चर करने के लिए अपने बैक-एंड सिस्टम्स में आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की हैं। इसके अलावा, विज़िबिलिटी की दृष्टि से, सभी PAN (जिनमें 01 अगस्त 2024 से पहले रजिस्टर्ड PAN भी शामिल हैं) के लिए सूचनात्मक उद्देश्यों हेतु FATCA स्टेटस "होल्ड रिमार्क्स" कॉलम में डिस्प्ले किया गया है ताकि इंटरमीडियरीज को PAN के लिए FATCA स्टेटस समझने में सुविधा हो। हालाँकि, "होल्ड रिमार्क्स" के अंतर्गत दिखाई देने वाली FATCA स्टेटस नॉन-कंप्लायंस KYC की वैलिडिटी को प्रभावित नहीं करेगा। CAMS KRA के लिए FATCA (इंडिविजुअल) फॉर्म भी संलग्न है।

हमारे डिजिटल एसेट्स में नए कस्टमर्स के लिए ऑनलाइन जर्नी को भी संबंधित इनपुट को सीधे KYC KRAs तक कैप्चर करने और पास करने के लिए उपयुक्त तरह से इनेबल किया गया है।

Scan to know more

सभी मौजूदा KYC के लिए, रजिस्टर्ड फाइनेंशियल इंटरमीडियरीज को 30 अक्टूबर, 2024 से पहले KRA में डिटेल्स अपलोड करनी होगी।

AMFI की सब-कमिटी की सिफारिश के मुताबिक, अंडर प्रोसेस स्टेटस वाले KYC के लिए TAT को मौजूदा 2 दिनों से रिवाइज़ करके 5 बिज़नेस डेज़ तक कर दिया गया है, जो 11 नवंबर, 2024 से प्रभावी होगा।

## मिराए एसेट म्यूचुअल फंड के मौजूदा निवेशक:

वैलिड ट्रांज़ैक्शन की स्वीकृति के लिए KYC स्टेटस या तो “KYC रजिस्टर्ड“ या “KYC वेलिडेटेड“ होना चाहिए।

## मिराए एसेट म्यूचुअल फंड के नए निवेशक:

- अगर वैलिड ट्रांज़ैक्शन की स्वीकृति के लिए KYC स्टेटस "KYC वेलिडेटेड" है, तो ट्रांज़ैक्शन स्वीकार किया जा सकता है।
- अगर KYC स्टेटस "KYC रजिस्टर्ड" है, तो निर्धारित ऑफिशियली वैलिड डॉक्युमेंट्स में से किसी एक के साथ Re-KYC की जानी चाहिए (केवल RI पर लागू)।

# संभावित KYC सिनेरियो का सार

| क्रमांक | PAN | पता | नाम | ईमेल | मोबाइल | PAN-आधार लिंक | KYC स्टेटस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ITD में मौजूद है और PAN स्टेटस वैलिड है। | सोर्स डेटा से वेलिडेटेड | सोर्स डेटा से वेलिडेटेड | उपलब्ध, सफलतापूर्वक वेलिडेटेड - OTP/डिलीवरी | उपलब्ध, सफलतापूर्वक वेलिडेटेड - OTP/डिलीवरी | हो गया/NA/नहीं हुआ (ITD API रेस्पॉन्स) | |
| | OVD – आधार | | | | | | |
| 1 | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | हो गया/NA | KYC वेलिडेटेड |
| 2 | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं | हाँ | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 3 | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 4 | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं हुआ | KYC रजिस्टर्ड |
| 5 | नहीं | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 6 | हाँ | नहीं | हाँ | हाँ | हाँ | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 7 | हाँ | हाँ | हाँ | उपलब्ध नहीं है | नहीं | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 8 | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 9 | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं | नहीं | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 10 | हाँ | हाँ | हाँ | उपलब्ध नहीं है | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA | KYC वेलिडेटेड |
| 11 | हाँ | नहीं | हाँ | उपलब्ध नहीं है | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA/नहीं | KYC रजिस्टर्ड |
| | OVD - नॉन-आधार | | | | | | |
| 1 | हाँ | नहीं | हाँ | हाँ | हाँ | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 2 | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं | हाँ | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 3 | हाँ | नहीं | हाँ | हाँ | नहीं | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 4 | हाँ | नहीं | हाँ | हाँ | हाँ | नहीं हुआ | KYC रजिस्टर्ड |
| 5 | नहीं | नहीं | हाँ | हाँ | हाँ | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 6 | हाँ | नहीं | हाँ | उपलब्ध नहीं है | नहीं | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 7 | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 8 | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं | हो गया/NA | KYC ऑन-होल्ड |
| 9 | हाँ | नहीं | हाँ | उपलब्ध नहीं है | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA | KYC रजिस्टर्ड |
| 10 | हाँ | नहीं | हाँ | उपलब्ध नहीं है | उपलब्ध नहीं है | हो गया/NA/नहीं | KYC रजिस्टर्ड |

* सभी ऑनलाइन ट्रांज़ैक्शन के लिए मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

# रेज़िडेंट इंडिविजुअल के लिए:

- अगर दो चीज़ें, यानी ईमेल और मोबाइल नंबर, निर्दिष्ट हैं और उनमें से एक वेलिडेटेड है, तो KYC स्टेटस को KYC रजिस्टर्ड के रूप में मॉडिफाई किया जाएगा। हालाँकि, अगर केवल एक चीज़ निर्दिष्ट है या कोई भी चीज़ वेलिडेटेड नहीं है, तो KYC स्टेटस "KYC-ऑन होल्ड" बना रहेगा - 01 जून 2024 से प्रभावी।

- PAN आधार लिंकेज नॉन-कंप्लायंस के कारण होल्ड किए गए सभी KYC रिकॉर्ड के स्टेटस को सभी इंडिविजुअल केटेगरी के निवेशकों के लिए किसी भी KYC प्रकार और किसी भी OVD (डीम्ड OVD सहित) के बावजूद होल्ड स्टेटस  से KYC रजिस्टर्ड स्टेटस में बदल दिया जाएगा - 01 जून 24 से प्रभावी।

- रिडेम्पशन/SWP की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब KYC स्टेटस "इनवैलिड ईमेल आईडी/ईमेल फेल्ड" होने के कारण "ऑन-होल्ड" हो। हालाँकि वर्तमान में KRAs की ओर से कोई स्पेसिफिक आइडेंटिफायर इनेबल्ड नहीं है, इसे सर्वोत्तम कोशिश के साथ KYC फीड्स के एक भाग के रूप में दिए गए रिमार्क्स आधार पर मैन्युअल तरीके से हैंडल किया जाएगा। - 16 मई 2024 से प्रभावी।

- IDCWs के मामले में, जहाँ PAN-आधार लिंक नहीं किया गया है, उन IDCWs को प्रोसेस किया जाएगा और जहाँ भी टैक्स डिडक्शन शामिल होगा वहाँ हायर TDS लागू होगा। साथ ही, IDCW को उसी स्कीम (और अनक्लेम्ड पर नहीं) के तहत फर्स्ट होल्डर/गार्डियन के लिए ज़्यादा टैक्स के साथ प्रोसेस किया जाएगा।

## नॉन-रेज़िडेंट इंडिविजुअल (NRIs) /विदेशी नागरिकों के लिए:

- NRI / विदेशी नागरिक 30 अप्रैल 2026 तक Re-KYC की आवश्यकता के बिना "KYC-रजिस्टर्ड" स्टेटस के साथ नए AMC में निवेश कर सकते हैं।

## फिज़िकल / ऑफलाइन KYC के लिए ज़रूरी डॉक्युमेंट्स:

- सही तरीके से भरा हुआ KYC फॉर्म
- ऑफिशियली वैलिड डॉक्युमेंट्स:
  - आधार (पसंदीदा और रेकमेंडेड) - कॉपी और फॉर्म पर पहले 8 डिजिट छिपाए जाने चाहिए। प्रूफ के तौर पर सबमिट किया गया आधार वेलिडेशन के अधीन है। अगर वेलिडेशन हो जाता है, तो यह "KYC वेलिडेटेड" के तौर पर दिखाई देगा। उसके बाद ही ट्रांज़ैक्शन प्रोसेस किया जा सकता है। अगर यह वेलिडेटेड नहीं है, तो ट्रांज़ैक्शन रिजेक्ट कर दिया जाएगा।
  - पासपोर्ट
  - वोटर आईडी
  - ड्राइविंग लाइसेंस
  - नरेगा कार्ड
  - नेशनल पॉप्युलशन रजिस्टर द्वारा जारी लेटर
  - सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रूफ

## ध्यान दें:

- NRI के मामले में, भारतीय एड्रेस प्रूफ अनिवार्य नहीं है।
- PE-KRN: अगर PAN नहीं है, तो कोई भी फोटो आईडी। ऐसे मामले में, उस विशेष फाइनेंशियल ईयर के लिए केवल 50,000 रुपये तक का निवेश कर सकते हैं।




## E-KYC या इलेक्ट्रॉनिक KYC (डिजिटल KYC):

हमने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर E-KYC शुरू कर दी है। यह आधार और PAN वेलिडेशन के ज़रिए की जाती है, इसलिए KYC वेलिडेशन के लिए आधार अनिवार्य हो जाता है।

- निवेशक को आधार नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी देना होगा (इनमें से कम से कम एक आधार के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए)।
- UIDAI वेलिडेशन पूरा होने के बाद, CAMS से मोबाइल और ईमेल आईडी दोनों पर OTP भेजा जाता है।
- OTP वेरिफिकेशन सफल होने पर, निवेशक को NSDL द्वारा वेलिडेटेड PAN कॉपी अपलोड करनी होगी।
- एड्रेस प्रूफ वेरिफिकेशन के लिए UIDAI निवेशक को रजिस्टर्ड मोबाइल या ईमेल में से किसी एक पर OTP भेजेगा।
- OTP ऑथेंटिकेशन सफल होने पर UIDAI आधार PDF और निवेशक की फोटो प्रदान करेगा।
- इसके अलावा, निवेशक "My Profile" सेक्शन में जाकर लॉग्ड इन सेक्शन के अंतर्गत KYC को ऑनलाइन मॉडिफाई भी कर सकेगा।

## एलिजिबिलिटी (पात्रता):

इसे फुल KYC माना जाएगा और निवेश राशि पर कोई लिमिट नहीं होगी। ऑफलाइन निवेश की भी अनुमति होगी। माइनर और NRI इस एप्लीकेशन का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

## विभिन्न KYC परिदृश्य:

| रेगुलेटरी बदलाव 01 अप्रैल 2024 से प्रभावी | | | |
|---|---|---|---|
| KYC स्टेटस | मौजूदा निवेशक | नए निवेशक | विवरण |
| KYC वेलिडेटेड | KYC वेलिडेटेड | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | आधार को OVD के रूप में इस्तेमाल करके KYC रजिस्टर्ड - सभी नए और मौजूदा निवेशकों के लिए वैलिड |
| KYC ऑन होल्ड | Re-KYC | Re-KYC | निम्नलिखित में से किसी भी कारण से हो सकता है:<br>>> अगर दो चीज़ें, यानी ईमेल और मोबाइल नंबर, निर्दिष्ट हैं और उनमें से एक वेलिडेटेड है, तो KYC स्टेटस को KYC रजिस्टर्ड के रूप में मॉडिफाई किया जाएगा। हालाँकि, अगर केवल एक चीज़ निर्दिष्ट है या कोई भी चीज़ वेलिडेटेड नहीं है, तो KYC स्टेटस "KYC-ऑन होल्ड" बना रहेगा - 01 जून 2024 से प्रभावी।<br><br>>> डॉक्युमेंट संबंधी गड़बड़ी<br>निवेशक KYC स्टेटस (ऑन होल्ड) के कारण को ठीक करने के बाद ट्रांज़ैक्शन कर सकेंगे। |
| KYC रजिस्टर्ड (नॉन आधार OVD) | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | Re-KYC | नए म्यूचुअल फंड में प्रवेश करने वाले नए निवेशक के लिए - स्वीकार्य ऑफिशियल वैलिड डॉक्युमेंट्स में से एक के साथ Re-KYC करना ज़रूरी है:<br>>> आधार (पसंदीदा और रेकमेंडेड)<br>>> पासपोर्ट<br>>> वोटर आईडी<br>>> ड्राइविंग लाइसेंस<br>>> नरेगा कार्ड<br>>> नेशनल पॉप्युलशन रजिस्टर द्वारा जारी लेटर<br>>> सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रूफ<br><br>>> अगर दो चीज़ें, यानी ईमेल और मोबाइल नंबर, निर्दिष्ट हैं और उनमें से एक वेलिडेटेड है, तो KYC स्टेटस को KYC रजिस्टर्ड के रूप में मॉडिफाई किया जाएगा। हालाँकि, अगर केवल एक चीज़ निर्दिष्ट है या कोई भी चीज़ वेलिडेटेड नहीं है, तो KYC स्टेटस "KYC-ऑन होल्ड" बना रहेगा - 01 जून 2024 से प्रभावी। |
| KYC रजिस्टर्ड (आधार OVD) | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब निवेशक AMC में मौजूदा निवेशक हो। (31 मार्च 2024 तक)<br><br>संबंधित KRA साइट के ज़रिए Re-KYC / KYC वेलिडेशन की सलाह दी जाती है (चूंकि आधार वेलिडेशन पूरा नहीं हुआ है, इसलिए इसे वेलिडेटेड KYC नहीं बल्कि रजिस्टर्ड KYC माना जाएगा) | Re-KYC | अपने KYC को वेलिडेटेड करने के लिए आधार वेलिडेशन स्टेप को पूरा करने की सलाह दी जाती है:<br>>> वेलिडेशन ऑनलाइन पूरा करें - CVL और CAMS KRA तक लिमिटेड (या)<br>>> नजदीकी POS पर QR कोड रीडेबल आधार कार्ड कॉपी सबमिट करके फिज़िकल Re-KYC।<br><br>>> अगर दो चीज़ें, यानी ईमेल और मोबाइल नंबर, निर्दिष्ट हैं और उनमें से एक वेलिडेटेड है, तो KYC स्टेटस को KYC रजिस्टर्ड के रूप में मॉडिफाई किया जाएगा। हालाँकि, अगर केवल एक चीज़ निर्दिष्ट है या कोई भी चीज़ वेलिडेटेड नहीं है, तो KYC स्टेटस "KYC-ऑन होल्ड" बना रहेगा - 01 जून 2024 से प्रभावी। |
| KYC - रजिस्टर्ड (NRI निवेशकों पर लागू) | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | NRI / विदेशी नागरिक 30 अप्रैल 2026 तक Re-KYC की आवश्यकता के बिना "KYC-रजिस्टर्ड" स्टेटस के साथ नए AMC में निवेश कर सकते हैं। |
| KYC - वेलिडेटेड (NRI निवेशकों पर लागू) | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है | अगर दिया गया प्रूफ आधार है और अगर KYC स्टेटस वेलिडेटेड है - तो नए और मौजूदा निवेशक के तौर पर ट्रांज़ैक्शन की अनुमति है |
| ध्यान दें: चूंकि आधार हर जगह स्वीकार्य है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेशक आधार का इस्तेमाल करके वन टाइम KYC / KYC मॉडिफिकेशन करें। | | | |

## KYC स्टेटस को निम्नलिखित लिंक्स के ज़रिए चेक कर सकते हैं:

| KRA | URL |
|---|---|
| CVL | https://www.cvlkra.com/ |
| CAMS | https://www.camskra.com/ |
| NDML | https://kra.ndml.in/ClientInitiatedKYC-webApp/#/ClientinitiatedKYC |
| KARVY | https://www.karvykra.com/ |
| NSE KRA (पहले DOTEX KRA कहा जाता था) | https://www.nsekra.com/ |

## एडिशनल KYC:

| Place of Birth | Country of Birth | Nationality: |
|---|---|---|

a*. Occupation Details (Please(✓)]
☐ Private Sector ☐ Public Sector ☐ Goverment Service ☐ Student ☐ Professional ☐ Housewife
☐ Business ☐ Retired ☐ Agriculture ☐ Proprietorship ☐ Others ________

b*. Politically Exposed Person (PEP) Status ☐ m PEP ☐ I am Related to PEP ☐ Not Applicable

c*. Gross Annual Income (`) [Please(✓)] ☐ Below 1 Lakh ☐ 1-5 Lakhs ☐ 5-10 Lakhs ☐ 10-25 Lakhs ☐ >25 Lakhs ☐ >1 Crore

d*. Net-worth ` ______________________ as on ______________(Not older than 1 year)

विवरण सामान्य एप्लीकेशन फॉर्म का हिस्सा हैं, जिसे निवेशक को अनिवार्य रूप से भरना होता है, नहीं तो एप्लीकेशन रिजेक्ट हो सकती है।

- निवेशक को अनिवार्य रूप से उस इनकम स्लैब की घोषणा करनी होगी जिसमें वह आता/आती है, नहीं तो उसका निवेश रिजेक्ट कर दिया जाएगा।
- पॉलिटिकली एक्सपोज़्ड पर्सन (PEP) स्टेटस अनिवार्य रूप से बताना होगा।
- नॉन-इंडिविजुअल के मामले में, नेट-वर्थ की जानकारी देना अनिवार्य है।

KYC:

## बैंक अकाउंट वेलिडेशन:

म्यूचुअल फंड रिकॉर्ड में बैंक डिटेल्स अनिवार्य रूप से अपडेट की जानी चाहिए। बैंक अकाउंट केवल फर्स्ट नेम्ड होल्डर का ही होना चाहिए।

ट्रांज़ैक्शन में आसानी के लिए, निवेशक के पास कई बैंक अकाउंट को अपडेट करने का विकल्प है, जिसमें से किसी एक को डिफ़ॉल्ट बैंक अकाउंट (या) प्राइमरी बैंक अकाउंट निर्दिष्ट किया जा सकता है। एक इंडिविजुअल अधिकतम पाँच (5) बैंक अकाउंट और नॉन-इंडिविजुअल अधिकतम दस (10) बैंक अकाउंट अपडेट कर सकता है। निवेशक द्वारा निर्दिष्ट बैंक अकाउंट डिटेल्स को रिकॉर्ड में अपडेट करने से पहले वेलिडेट किया जाना चाहिए।

SEBI द्वारा बैंक वेलिडेशन का तरीका निर्धारित किया गया है:




बैंक वेलिडेशन के मामले में ध्यान देने योग्य कुछ पॉइंट्स:

- NRIs के मामले में - NPCI IMPS नाम मैच किया जाता है, जहाँ कोई पेनी ड्रॉप नहीं होता है।
- माइनर फोलियो के मामले में भी बैंक अकाउंट वेलिडेशन किया जाता है।
- एडिशनल बैंक मैंडेट सहित बैंक में बदलाव को वेलिडेट किया जाता है।
- ट्रांसमिशन: क्लेमेंट बैंक को ट्रांसमिशन से पहले वेलिडेशन किया जाता है।

# नॉमिनेशन:

SEBI के दिनांक 10 जून, 2024 के सर्क्युलर SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/81 के मुताबिक, नॉमिनेशन या ऑप्ट आउट की आवश्यकताओं का पालन न करने वाले फोलियो को डेबिट ट्रांज़ैक्शन के लिए फ्रीज नहीं किया जाएगा। बिना नॉमिनेशन या ऑप्ट आउट वाले लीगेसी फोलियो पर कोई रेस्ट्रिक्शन नहीं लगाया जाएगा।

इसके अलावा, सिंगल होल्डिंग कैपेसिटी वाले सभी नए फोलियो को अनिवार्य रूप से नॉमिनेशन या ऑप्ट आउट का अनुपालन करना होगा।

नॉमिनेशन के लिए अनिवार्य फील्ड्स निम्नलिखित हैं:

- नॉमिनी का नाम
- नॉमिनेशन परसेंटेज (अगर एक से ज़्यादा नॉमिनी हों)
- फर्स्ट होल्डर के साथ संबंध।
- अगर नॉमिनी माइनर है, तो जन्मतिथि अनिवार्य है और गार्डियन का नाम वैकल्पिक है।

नॉमिनेशन के मामले में ध्यान देने योग्य कुछ मुख्य पॉइंट्स:

- एक फोलियो में अधिकतम तीन (3) नॉमिनी हो सकते हैं। एक से ज़्यादा नॉमिनी अपॉइंट करने की स्थिति में, परसेंटेज और शेयर स्पष्ट तरीके से बताए जाने चाहिए। अगर यह नहीं बताया जाता है, तो दो नॉमिनी के लिए यह 50% और तीन के लिए 33%, 33% और 34% माना जाएगा।
- माइनर नॉमिनेट नहीं कर सकते हैं।
- यूनिट होल्डर्स के पास फोलियो में नॉमिनी को अपडेट/मॉडिफाई करने का विकल्प होता है। मौजूदा नॉमिनेशन में मॉडिफिकेशन के मामले में, होल्डिंग के मोड की परवाह किए बिना, फोलियो में सभी यूनिट होल्डर्स की स्पष्ट सहमति होनी चाहिए।

नॉमिनेशन को निम्नलिखित तरीकों से अपडेट किया जा सकता है:

- मिराए एसेट पोर्टल - लॉग्ड इन सेक्शन ( https://www.miraeassetmf.co.in/). यह सुविधा केवल सिंगल मोड ऑफ़ होल्डिंग के लिए उपलब्ध है।
- K-Fintech पोर्टल: https://mfs.kfintech.com/investor/general/nctnominationupdation
- MF Central: https://www.mfcentral.com/.
- नज़दीकी AMC ब्रांच या K-Fintech ISC में फिजिकल रिक्वेस्ट। फॉर्म हमारी वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता सकता है।: www.miraeassetmf.co.in.

Scan to know more

# नॉमिनेशन के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल।

| क्रमांक | सवाल | जवाब |
|---|---|---|
| 1 | 8 अगस्त, 2025 को या उसके बाद खोले गए नए फोलियो के लिए नॉमिनेशन के अंतर्गत अनिवार्य फील्ड्स | नॉमिनी का नाम, परसेंटेज, शेयर, संबंध, पता, ईमेल, मोबाइल नंबर और आइडेंटिटी नंबर |
| 2 | नॉमिनी के कौन से आइडेंटिटी नंबर स्वीकार किए जाते हैं? | i) PAN नंबर; ii) ड्राइविंग लाइसेंस नंबर<br>iii) पासपोर्ट नंबर<br>iv) आधार नंबर (केवल अंतिम 4 डिजिट)<br>v) जन्म तिथि - माइनर के मामले में<br>(उपर्युक्त प्रूफ्स के लिए डॉक्युमेंट सबमिट करने की कोई ज़रुरत नहीं है) |
| 3 | क्या नॉमिनी का ईमेल और मोबाइल नंबर अनिवार्य है? | हाँ, दोनों अनिवार्य हैं |
| 4 | क्या यूनिट होल्डर का PAN और गार्डियन का PAN एक ही हो सकता है? | नहीं, इसकी अनुमति नहीं है। यूनिट होल्डर, नॉमिनी का गार्डियन नहीं हो सकता है। |
| 5 | क्या नॉमिनी के लिए जन्मतिथि अनिवार्य है? | नहीं, जब तक कि नॉमिनी माइनर न हो। ऐसे मामले में माइनर की जन्मतिथि अनिवार्य है। |
| 6 | क्या माइनर नॉमिनी के लिए गार्डियन का नाम अनिवार्य है? | नहीं, अनिवार्य नहीं है |
| 7 | फिजिकल/चैनल पार्टनर ट्रांज़ैक्शन के मामले में जब डिटेल्स पूरी न हो तो क्या होगा? | एप्लीकेशन को NIGO माना जाएगा, और RTA की ओर से सीधे निवेशक को रेमेडिएशन के लिए एक लिमिटेड पीरियड लिंक भेजा जाएगा |
| 8 | एक्सचेंज/वेबसाइट के मामले में जब डीटेल्स पूरी न हो तो क्या होगा? | वेलिडेशन का काम ट्रांज़ैक्शन अपलोड लेवल पर किया जाता है और अगर फीड फॉर्मेट में कोई जानकारी छूट जाती है तो इसे RTA स्तर पर अपलोड लेवल रिजेक्शन माना जाएगा। |
| 9 | किसी निवेशक के लिए नॉमिनी को अपडेट करने की प्रक्रिया क्या है, जिसने नॉमिनेशन के लिए थम्ब इम्प्रैशन दिया है? | दो गवाहों के नाम, सिग्नेचर और पते के साथ वेरिफाइड थम्ब इम्प्रैशन अनिवार्य है |
| 10 | क्या नए नॉमिनेशन / नॉमिनी के मॉडिफिकेशन के मामले में SOA डिस्प्ले निर्दिष्ट करना अनिवार्य है? | हाँ, निवेशक को SOA में डिस्प्ले का विकल्प बताना होगा, अर्थात्:<br>i) नॉमिनी का नाम ii) नॉमिनी रजिस्टर्ड - हाँ/ नहीं चयन न करने की स्थिति में डिफ़ॉल्ट है नॉमिनी रजिस्टर्ड - हाँ / नहीं |
| 11 | अधिकतम कितने नॉमिनेशन कर सकते हैं? | तीन तक |
| 12 | अगर एक से ज़्यादा नॉमिनी उपलब्ध हों और एलोकेशन परसेंटेज बताया न हो तो क्या होगा? | i) दो नॉमिनी के मामले में - प्रत्येक के लिए 50%<br>ii) तीन नॉमिनी के मामले में - 34%, 33% और 33%, नॉमिनेशन % को पहले नॉमिनी तक अपवर्ड राउंडेड किया जाएगा। |
| 13 | क्या % एलोकेटेड में डेसीमल वैल्यू की अनुमति है? | नहीं, केवल पूर्ण संख्याओं (व्होल नंबर्स) की अनुमति है |
| 14 | क्या जॉइंट होल्डर्स द्वारा होल्ड किए गए फोलियो में नॉमिनेशन अनिवार्य है? | नहीं, सिंगल हेल्ड फोलियो के मामले में नॉमिनेशन / ऑप्ट आउट अनिवार्य है। |
| 15 | क्या जॉइंटली हेल्ड फोलियो द्वारा ऑप्ट आउट किया जा सकता है? | हाँ |
| 16 | अगर नॉमिनेशन / ऑप्ट आउट का विकल्प नहीं भरा गया तो क्या होगा? | फॉर्म रिजेक्ट किया जा सकता है। |
| 17 | क्या सिंगल होल्डिंग मोड के लिए नॉमिनेशन अनिवार्य है? | हाँ, नॉमिनेशन (या) ऑप्ट आउट अनिवार्य है |
| 18 | क्या "Any one or Survivor" फोलियो के मामले में नॉमिनी अपॉइंट करने के लिए सभी यूनिट होल्डर्स की सहमति अनिवार्य है? | नहीं, कोई भी होल्डर साइन कर सकता है |
| 19 | क्या "जॉइंट" फोलियो के मामले में नॉमिनी अपॉइंट करने के लिए सभी यूनिट होल्डर्स की सहमति अनिवार्य है? | हाँ, दोनों होल्डर्स को साइन करना होगा। |

MIRAE ASSET
Mutual Fund

## ट्रांज़ैक्शन की विभिन्न स्थितियां और ट्रीटमेंट:

| क्रम संख्या | स्थिति | कार्रवाई जिसमें ट्रांज़ैक्शन का ट्रीटमेंट शामिल है |
|---|---|---|
| 1 | मौजूदा निवेशक - स्विच कर रहा है।<br>मौजूदा फोलियो में केवल नॉमिनी का नाम है। अन्य डिटेल्स नहीं हैं। | ट्रांज़ैक्शन प्रोसेस किया जाएगा। नया नियम 8 अगस्त, 2025 से बनाए गए नए फोलियो पर लागू होगा। |
| 2 | मौजूदा निवेशक - SIP<br>मौजूदा फोलियो में केवल नॉमिनी का नाम है। अन्य डिटेल्स नहीं हैं। | ट्रांज़ैक्शन प्रोसेस किया जाएगा। नया नियम 8 अगस्त, 2025 से बनाए गए नए फोलियो पर लागू होगा। |
| 3 | नया निवेशक-<br>नॉमिनी से ऑप्ट आउट किया - SoA में क्या डिस्प्ले होगा | "नॉमिनी ऑप्टेड आउट" के तौर पर डिस्प्ले होगा |
| 4 | नया निवेशक- निवेशक का नाम दिखाने का विकल्प चुना है। क्या डिस्प्ले होगा | SoA में केवल नॉमिनी का का नाम डिस्प्ले होगा - ड्राफ्ट SoA इसके साथ अटैच है। |
| 5 | नया निवेशक- नॉमिनेशन की सभी डिटेल्स दिखाने का विकल्प चुना है- क्या डिस्प्ले होगा | SoA में केवल नॉमिनी का का नाम डिस्प्ले होगा। अन्य डिटेल्स डिस्प्ले नहीं होंगी |
| 6 | नया निवेशक - SoA में नॉमिनी का नाम न दिखाने का विकल्प चुना है। | यह "रजिस्टर्ड" के तौर पर डिस्प्ले होगा। ड्राफ्ट SoA अटैच है। |
| 7 | नया फोलियो - अगर पर्चेज़ एप्लीकेशन के साथ नॉमिनी की अतिरिक्त डिटेल्स शेयर नहीं की जाती हैं | हम फिलहाल इस ट्रांज़ैक्शन को एंडोर्समेंट स्टेज में रोक रहे हैं। इसे T+4 के अंदर एक लिंक के ज़रिए ठीक किया जा सकता है, जिसे निवेशक के साथ शेयर किया जाएगा। अन्यथा, इसे रिजेक्ट कर दिया जाएगा और रिफंड कर दिया जाएगा। |
| 8 | मौजूदा निवेशक - SOA डिस्प्ले | SOA में सभी नॉमिनी के नाम डिस्प्ले होंगे |
| 9 | मौजूदा निवेशक - SOA डिस्प्ले - क्या वह नॉमिनी का नाम डिस्प्ले न करने का विकल्प चुन सकता/सकती है? | हाँ, "रजिस्टर्ड - हाँ/ नहीं" ऑप्शन चुनकर डेक्लरेशन फॉर्म प्रदान करके |

## ट्रांसमिशन के पहलू:

1. AMCs / DPs, नॉमिनी को 1) डेथ सर्टिफिकेट की कॉपी और 2) नॉमिनी की KYC) के पूरे /अपडेशन होने पर फोलियो / अकाउंट ट्रांसमिट करेंगे। नॉमिनी को अलग से एफिडेफिट, क्षतिपूर्ति, अंडरटेकिंग, अटेस्टेशन या नोटरी प्रदान करने की ज़रुरत नहीं है (केवल 8 अगस्त, 2025 को या उसके बाद रजिस्टर्ड नॉमिनेशन पर लागू)।)

2. एक से ज़्यादा नॉमिनी के मामले में, एसेट्स जीवित नॉमिनी को समानुपातिक रूप से डिस्ट्रीब्यूट किए जाएंगे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है। % के डिवीज़न / फ्रैक्शन के बाद कोई भी विषम हिस्सा, नॉमिनेशन फॉर्म में उल्लिखित पहले नॉमिनी को ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

| % share as specified by in vestor at the time of nomination | | % share to be appointed to surviving nominees upon demise of in vestor and nominee 'A' | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Nominee | % Share | Nominee | % initial share | % of A's share to be appointed | Total % share |
| A | 60% | A | 0 | 0 | 0 |
| B | 30% | B | 30% | 45% | 75% |
| C | 10% | C | 10% | 15% | 25% |
| Total | 100% | - | 40% | 60% | 100% |

### विभिन्न स्थितियों के लिए SOA डिस्प्ले:

1. नया निवेशक जिसने SOA में नॉमिनी की डिटेल्स न दिखाने का विकल्प चुना है:

Folio No. XXXXXXXXX CAN :

XXXXXX LAGAD

XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXX

Mobile : XXXX
E-Mail : ı@kfintech.com
First Holders Date of Birth : Registered

Nominee : Registered
Nominee2 : Registered
Nominee3 : Registered

2. नॉमिनी का नाम दिखाने का विकल्प चुना - नॉमिनी का नाम डिस्प्ले किया गया

Folio No. XXXXXXXXX CAN :

XXXXXH KAPOOR

XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX

Mobile : 1111111111
E-Mail : xxx@kfintech.com
First Holders Date of Birth : Registered

Nominee XXXXX - 100.00%

3. नॉमिनी ऑप्ट आउट किया गया

Folio No. XXXXXXXXXXXX CAN :

PRAT/ - BERRY

XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX
XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX

Mobile : XXXXX
E-Mail : ahoo.com
First Holders Date of Birth : Registered

Nominee : Opted Out

## PAN - निवेशकों के लिए नाम का वेलिडेशन:

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट (ITD) के निर्देशों के आधार पर ऑनलाइन PAN वेरिफिकेशन की मौजूदा प्रक्रिया में बदलाव किए गए हैं। नई API वेब सर्विस 30 अप्रैल 2024 से प्रभावी है।

- सभी होल्डर्स [प्रथम एकल आवेदक/द्वितीय आवेदक/तृतीय आवेदक], POA, माइनर आवेदक के मामले में गार्डियन, UBOs के लिए - "निवेशक का नाम" की मौजूदा फील्ड में PAN कार्ड पर दिए गए नाम का उल्लेख किया जाना चाहिए। अगर PAN कार्ड के अलावा कोई अन्य नाम दिया जाता है, तो UTIITSL PAN वेलिडेशन API से प्राप्त वैल्यूज के आधार पर ट्रांज़ैक्शन रिजेक्ट किया जा सकता है।
- हर होल्डर के लिए जन्मतिथि अनिवार्य है। RTA सिस्टम को एन्हांस किया जाएगा ताकि गार्डियन सहित सभी होल्डर्स के लिए जन्मतिथि की फील्ड उपलब्ध हो सके।
- नॉन-इंडिविजुअल के लिए, इनकॉर्पोरेशन (निगमन) की तारीख अनिवार्य है।
- किसी भी डेटा एंट्री संबंधी समस्या से बचने के लिए, 30 अप्रैल 2024 से सभी नए निवेशकों के एप्लीकेशन के साथ सभी आवेदकों या POA, माइनर आवेदक के मामले में गार्डियन, UBO की PAN कार्ड की स्पष्ट कॉपी शेयर करने की सलाह दी जाती है।
- सभी डिजिटल ट्रांज़ैक्शन के लिए, ख़ास तौर पर मिराए एसेट म्यूचुअल फंड की नई जर्नी में, पॉइंट 1 और 2 में निर्दिष्ट जानकारी की आवश्यकता होगी।

| पैरामीटर | अनुमत रेस्पॉन्स पैरामीटर |
|---|---|
| PAN स्टेटस | मौजूद और वैलिड है या मौजूदा और वैलिड है |
| कार्ड पर नाम | हाँ |
| DOB/DOI | हाँ/नहीं |
| आधार सीडिंग स्टेटस | ऑपरेटिव/ इन ऑपरेटिव/NA |

## इस बदलाव का प्रभाव:

नई प्रक्रिया के मुताबिक, PAN, निवेशक का नाम और DOB/DOI - इनपुट पैरामीटर के रूप में अनिवार्य हैं। API को निम्नलिखित चार फील्ड [PAN, PAN के अनुसार नाम, DOB/DOI और आधार स्टेटस (कोई इनपुट आवश्यक नहीं)] को समायोजित करने के लिए मॉडिफाई किया जाएगा और UTIITSL को भेजा जाएगा। RTA किसी ट्रांज़ैक्शन की अनुमति देने के लिए केवल निम्नलिखित फील्ड और नीचे दिए गए संबंधित वैलिड रेस्पोंस पर ही विचार करेगा। अगर कोई अन्य रेस्पोंस प्राप्त होता है, तो ऐसे ट्रांज़ैक्शन को NIGO माना जाएगा और रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

### PAN वेलिडेशन पद्धति को समझने के लिए कुछ उदाहरण:

| क्रम संख्या | MF एप्लीकेशन / KYC एप्लीकेशन के अनुसार नाम (सांकेतिक नाम - वास्तविक नाम नहीं) | ITD / PAN कार्ड के अनुसार नाम (सांकेतिक नाम - वास्तविक नाम नहीं) | 29 अप्रैल, 2024 के बाद इसे कैसे देखा जाएगा |
|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश मेहता | सुरेश मेहता | मैच हो गया (ITD फीड्स से प्राप्त फ्लैग के अधीन) |
| 2 | मार्क एंथनी | मार्क एंथनी | मैच हो गया (ITD फीड्स से प्राप्त फ्लैग के अधीन) |
| 3 | एस के राजा | सुपर कृष्ण राजा | मैच नहीं हुआ |
| 4 | XYZ इंडस्ट्रीज प्रा. लि. | XYZ इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | मैच नहीं हुआ |
| 5 | आर के सिंह (HUF) | आर के सिंह HUF | मैच नहीं हुआ |
| 6 | मो. इरफान | मोहम्मद इरफान | मैच नहीं हुआ |
| 7 | ABC & Co | ABC AND CO. | मैच नहीं हुआ |
| 8 | कुमार बाबू | बाबू कुमार | मैच नहीं हुआ |
| 9 | श्रीनिवासन कुमार कन्नन | कन्नन श्रीनिवासन के | मैच नहीं हुआ |
| 10 | कुमार एस शाह | कुमारभाई एस शाह | मैच नहीं हुआ |

कैसे पता करें कि आपका PAN UTIITSL ने जारी किया है या NSDL ने?

आपका पैन UTIITSL ने जारी किया गया है या NSDL/Protean ने, यह जानने के लिए अपने PAN के पीछे का हिस्सा देखें।

**NSDL द्वारा जारी PAN**




**UTIITSL द्वारा जारी PAN**




अगर आपके पास e-PAN नहीं है और आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय PAN के अनुसार नाम चेक करने की ज़रूरत हो तो e-PAN का एक्सेस कैसे पाएं?

UTIITSL द्वारा जारी e-PAN पर एक्सेस के लिए URL:

https://www.pan.utiitsl.com/PAN_ONLINE/ePANCard






UTI Infrastructure Technology And Services Limited
Facility for download of e-PAN Card
PAN [redacted]
Email Id. [redacted]@gmail.com
Captcha
Enter the text shown in above Captcha *
ONTCcu
"I hereby confirm that the PAN submitted in this request has been allotted to me by Income Tax Department (ITD). I assure that the details displayed pertain to me and agree that on submission of this request, my e-PAN Card will be generated as per the latest details available in ITD records."
Get OTP
Clear Data





UTI Infrastructure Technology And Services Limited
Facility for download of e-PAN Card
PAN Number [redacted]
Email Id. [redacted]@gmail.com
Enter OTP received in your Email ID.
Submit
Clear Data




NSDL द्वारा जारी e-PAN पर एक्सेस के लिए URL:

https://www.onlineservices.nsdl.com/paam/requestAndDownloadEPAN.html



## Tax Information Network
of Income Tax Department

| | |
|---|---|
| PAN | [redacted] |
| Mobile Number | [redacted] |
| Email ID | [redacted]GMAIL.COM |
| Pin Code | [redacted] |
| Zip Code | Not Applicable |

Select from Below options to receive OTP

☐ Email ID
☐ Mobile Number
☐ Both

☐ I hereby confirm that the PAN submitted in this request has been allotted to me by Income Tax Department (ITD). I hereby confirm that the details displayed pertain to me and agree that on submission of this request, my e-PAN Card will be generated as per the latest details available in ITD PAN Database. One time password (OTP) will be sent to your Registered Mobile Number/e-mail ID. If OTP not received on your registered mobile number/e-mail ID. Please click here to fill & submit the PAN Change Request application form to update mobile number/e-mail ID for receiving OTP.

## Tax Information Network
of Income Tax Department

Home

### Get e-PAN Card

OTP has been sent to your registered Mobile Number [redacted] and e-mail ID [redacted]XXXX@GMAIL.COM which will be valid for 10 minutes

Enter OTP

Validate

Note : One time password (OTP) will be sent to your Registered Mobile Number/e-mail ID. If OTP not received on your registered mobile number/e-mail ID. Please click here to fill & submit the PAN Change Request application form to update mobile number/e-mail ID to receive e-PAN Card.

Copyright © 2016 | Protean eGov Technologies Limited (Protean e-Gov ).
Page last modified on: February 26, 2016

## Tax Information Network
of Income Tax Department

Home

### Get e-PAN Card

Your free attempt for e-PAN request is exhausted you may proceed with paid functionality

Continue with paid e-PAN download facility

**Tax Information Network**
**of Income Tax Department**

(•) Online payment through PAYTM ( ) Online payment through Bill Desk

Paytm VISA RuPay
Wallet / Credit & Debit Card / Net Banking / UPI

### Payment Charges Information

Payment made by debit card / credit card / net-banking is irreversible.
Usage of the credit card /debit card / net banking is governed by the Terms and Conditions of the issuing bank

Fee including GST **8.26**

| # | Mode of Payment | Charges * |
|---|---|---|
| 1 | Get e-Pan Card | - Only e-PAN Card in PDF format will be dispatched at e-mail address available in PAN database. Physical PAN Card will not be dispatched at communication address. Charges applicable for download of e-PAN Card is Rs.8.26/- |
| 2 | Reprint of PAN Card | - Applicant will receive physical PAN Card at communcation address and e-PAN Card in PDF format at e-mail address available in PAN database. Fees Applicable |

**Tax Information Network**
**of Income Tax Department**

Home / Payment

Get e-PAN Card

### Confirm Payment

Fee including GST

**8.26**

Transaction ID

[redacted]

Pay Confirm →



**Tax Information Network**
of Income Tax Department

Home / Payment Receipt

## Get e-PAN Card

Transaction Status

**SUCCESS**

Transaction Reference Number

[redacted]

Date & Time of Transaction

**2024-05-03 15:53:14.0**

Payment Amount

**8.26**

Bank Reference Number

[redacted]

Continue →

**Tax Information Network**
of Income Tax Department

Home / Login

## Get e-PAN Card

Ge[redacted]nt Payment Receipt

Copyright © 2016 | Protean eGov Technologies Limited (Protean e-Gov )
Page last modified on: February 26, 2016

**Tax Information Network**
of Income Tax Department

Home / Payment

## Get e-PAN Card

Thank you for using online e-PAN generation facility.

Your request is processed successfully & e-PAN is sent at your email ID linked to your PAN ([redacted]

Download PDF

1 of 1 Automatic Zoom

**Tax Invoice cum Payment Receipt of e-PAN Request**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Tax Invoice cum** | N[redacted] | [redacted] | Date- 03/05/2024 |
| **Category** | INDIVIDUAL | **GSTIN of Applicant :** | NA |
| **PAN** | [redacted] | | |
| **Mobile Number** | [redacted] | | |

## रिकॉर्ड में PAN / PEKRN अपडेशन का महत्व:

इनकम टैक्स के निर्देशों के मुताबिक, जिन फोलियो में PAN / PEKRN अपडेटेड नहीं है, उन्हें सिस्टेमेटिक ट्रांज़ैक्शन सहित किसी भी फाइनेंशियल /नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन करने से रोक दिया जाएगा।

## ईमेल और मोबाइल नंबर वेलिडेशन:

यह वांछनीय है कि निवेशक का अपनी ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर उनके फोलियो में रजिस्टर्ड होने चाहिए। ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर का वेलिडेशन, RTA की ओर से डिलीवरी स्टेटस ट्रैक करके किया जाता है।

SEBI के नियमों के मुताबिक, डिस्ट्रीब्यूटर्स / AMC / RTA कर्मचारियों के ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर किसी फोलियो के लिए रजिस्टर नहीं किए जाने चाहिए, जब तक कि वह खुद का निवेश न हो। अगर अपडेट किया गया ईमेल/मोबाइल नंबर किसी AMC / RTA कर्मचारी / डिस्ट्रीब्यूटर के ईमेल/मोबाइल नंबर से मैच करता पाया जाता है, तो उसे इनवेस्टर रिकॉर्ड से सिस्टेमेटिक तरीके से हटा दिया जाता है।

ईमेल/ मोबाइल नंबर के अपडेशन के मामले में एक डिक्लेरेशन होती है और निवेशकों को यह घोषित करना होता है कि ईमेल/ मोबाइल नंबर खुद से / परिवार के सदस्य(यों) से संबंधित है या नहीं।

## फॉरेन अकाउंट टैक्स कंप्लायंस एक्ट (FATCA):

- फोलियो के सभी यूनिट होल्डर्स के लिए FATCA डिक्लेरेशन एक अनिवार्य आवश्यकता है।
- नॉन-इंडिविजुअल / NRI सहित सभी केटेगरी के निवेशकों को FATCA प्रदान करना ज़रूरी है।
- अगर निवेशक करदाता/नागरिक/भारत के बाहर का निवासी है तो सभी होल्डर्स का TIN नंबर या उसके समकक्ष नंबर देना ज़रूरी है।

## अल्टीमेट बेनेफिशरी ओनर और नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइज़ेशन:

नॉन-इंडिविजुअल निवेशकों को UBO(s) डिटेल्स देनी होगी और KYC डॉक्युमेंट और विधिवत साइन किया हुआ डिक्लेरेशन फॉर्म सबमिट करना होगा। प्रिवेंशन ऑफ मनी-लॉन्डरिंग (मेटेनेंस ऑफ रिकार्ड्स) अमेंडमेंट रूल्स के मुताबिक, कॉर्पोरेट/ट्रस्ट को अल्टीमेट बेनेफिशरी ओनर (UBO) के तौर पर माने जाने के लिए 10% या उससे ज़्यादा के बराबर ओनरशिप इंटरेस्ट को कंट्रोल किया जाता है।

किसी भी सोसायटी / ट्रस्ट को एक अतिरिक्त नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइज़ेशन (NPO) डिक्लेरेशन सबमिट करनी होगी। किसी भी नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइज़ेशन को दर्पण पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा और रजिस्ट्रेशन की रसीद के साथ नीति आयोग आईडी भी प्रस्तुत करनी होगी।



# ट्रांज़ैक्शन के प्रकार और तरीके

# ट्रांज़ैक्शन के प्रकार और तरीके

MIRAE ASSET
Mutual Fund

## ट्रांज़ैक्शन के प्रकार:

ट्रांज़ैक्शन का स्वरुप फाइनेंशियल या नॉन-फाइनेंशियल हो सकता है।

फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन वह होता है जिसमें मोनेटरी विचार होता है और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन निवेशक की प्रोफाइल से संबंधित होता है।

## ट्रांज़ैक्शन के तरीके:

निवेशक के पास निम्नलिखित तरीकों से अपनी रिक्वेस्ट करने का विकल्प है:

- फिजिकल ट्रांज़ैक्शन्स
- डिजिटल ट्रांज़ैक्शन्स
    - डीमैट
    - चैनल डिस्ट्रीब्यूटर्स
    - K-फिनटेक कार्ट
    - K-फिनटेक DIT
    - वेबसाइट
    - मोबाइल ऐप
    - व्हाट्सएप बॉट
    - डिस्ट्रीब्यूटर पोर्टल
    - K-फिनटेक पोर्टल
    - MF-सेंट्रल
    - म्यूचुअल फंड्स यूटिलिटी

## कट-ऑफ टाइमिंग्स:

| केटेगरी | कट-ऑफ टाइम |
|---|---|
| लिक्विड और ओवरनाइट स्कीम्स को छोड़कर इक्विटी और डेट स्कीम्स | 3:00 PM |
| लिक्विड और ओवरनाइट स्कीम्स में पर्चेज़ | 1:30 PM |
| लिक्विड और ओवरनाइट स्कीम्स में रिडेम्पशन / स्विच | 3:00 PM |
| ऑनलाइन/डिजिटल (सभी ट्रांज़ैक्शन जिन्हें सिग्नेचर द्वारा वेलिडेट नहीं किया जा सकता) ओवरनाइट स्कीम्स में रिडेम्पशन / स्विच आउट (01 जून, 2025 से प्रभावी) | 7:00 PM |

** लिक्विड और ओवरनाइट फंड्स के लिए: किसी नॉन-बिज़नेस डे के बाद प्राप्त रिडेम्पशन पर, अगले बिज़नेस डे से ठीक पहले वाले दिन का क्लोजिंग NAV लागू होता है। उदाहरण के लिए, शुक्रवार को रिपोर्ट किए गए रिडेम्पशन के लिए, रविवार का NAV लागू होता है। अगर सोमवार को भी छुट्टी है, तो ट्रांज़ैक्शन के लिए सोमवार का NAV लागू होगा और पे-आउट मंगलवार को किया जाएगा।

Scan to know more



# फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन्स

## फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन:

- फ्रेश पर्चेज़
- एडिशनल पर्चेज़
- रिडेम्पशन
- स्विच
- सिस्टेमेटिक ट्रांज़ैक्शन
  - सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान
  - सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान
  - सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान

## फ्रेश पर्चेज़:

## फिज़िकल मोड से फ्रेश पर्चेज़:

फ्रेश पर्चेज़ की रिक्वेस्ट तब सबमिट की जाती है जब कोई निवेशक किसी AMC में पहली बार इन्वेस्ट करता है या फिर कोई मौजूदा निवेशक भी ऐसा कर सकता है। फ्रेश पर्चेज़ की रिक्वेस्ट सबमिट करने पर एक नया फोलियो बन जाता है।

## फिज़िकल मोड से फ्रेश इन्वेस्टमेंट के लिए नीचे बताई गई चीज़ों की ज़रुरत पड़ती है:

- अच्छी तरह से भरा हुआ एप्लीकेशन फॉर्म
- सभी होल्डर्स का KYC वेरिफाइड एक्नॉलेजमेंट
- सभी होल्डर्स की PAN कार्ड कॉपी
- PAN-आधार लिंकिंग, जहाँ भी लागू हो
- अगर पे-आउट बैंक अकाउंट नंबर इन्वेस्टमेंट के अलावा अन्य है तो प्री-प्रिंटेड ऑरिजिनल चेक कॉपी (या) अगर प्री-प्रिंटेड ऑरिजिनल चेक कॉपी उपलब्ध नहीं है तो इसके अतिरिक्त बैंक स्टेटमेंट / बैंक पासबुक जिसमें लेटेस्ट तीन महीने की एंट्री हों, वो भी प्रस्तुत की जानी चाहिए।
- CTS कॉम्पलाइड चेक (फर्स्ट नेम्ड यूनिट होल्डर के बैंक अकाउंट से (अगर यह प्री-प्रिंटेड इंस्ट्रूमेंट नहीं है तो बैंक स्टेटमेंट / बैंक पासबुक जैसे अतिरिक्त प्रूफ जिसमें लेटेस्ट तीन महीने की एंट्री हों, थर्ड पार्टी वेलिडेशन के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए)।

  ध्यान दें: अगर निवेशक ने NEFT / RTGS के ज़रिए सीधे ट्रांसफर किया है तो रिक्वेस्ट लेटर में 'फ्रॉम' और 'टू' अकाउंट नंबर और नाम स्पष्ट रूप से होना चाहिए, साथ ही बैंकर से UTR स्लिप/एक्नॉलेजमेंट के तौर पर डेबिट का प्रूफ भी होना चाहिए।

## ऑनलाइन फ्रेश पर्चेज़:

नए या मौजूदा निवेशक के पास www.miraeassetmf.co.in पर ऑनलाइन नया फोलियो खोलने का विकल्प है, जहाँ निवेशक को KYC कॉम्पलाइंस स्टेटस के लिए अपना PAN नंबर देना होगा और फिर आगे बढ़ना होगा। PAN-आधार लिंकिंग / PAN और नाम वेलिडेशन जैसे रेगुलेटरी कॉम्पलाइंस पहलुओं की भी एक साथ जाँच की जाती है।

- PAN नंबर / निवेशक का नाम और जन्म की तारीख (जैसा की PAN कार्ड में है) डाली जाती है और अगर KYC स्टेटस वेलिडेटेड है तो पेज अपने आप इन्वेस्टर डिटेल सेक्शन पर री-डायरेक्ट हो जाता है, जिसके बाद इन्वेस्टमेंट डिटेल्स आती हैं।
- निवेशक के पास UPI / NEFT/ RTGS / नेट बैंकिंग के ज़रिए फंड्स ट्रांसफर करने का विकल्प होता है।

## नए निवेशक की जर्नी - न्यू KYC के साथ ऑनलाइन:

- निवेशक को अतिरिक्त डिटेल्स - रेजिडेंट स्टेटस, व्यवसाय आदि भरने होंगे
- निवेशक को साइन किया हुआ कैंसिल्ड चेक अपलोड करना होगा।
- अपलोड किए गए चेक के आधार पर IMPS वेलिडेशन, चेक पर दिए गए नाम को PAN में दिए गए नाम से मैच करेगा।
- अगर फ़ज़ी लॉजिक % नाम मैच होता है, तो निवेशक ई-सिग्नेचर अपलोड करने के लिए आगे बढ़ेगा।
- डिटेल्स सफलतापूर्वक सबमिट करने पर, KYC स्टेटस - "अंडर प्रोसेस" हो जाता है और फ्रेश पर्चेज़ सफल हो जाता है।

## एडिशनल पर्चेज़:

निवेशक पहले से मौजूद फोलियो नंबर से एडिशनल पर्चेज़ कर सकता है। ऐसा उसी स्कीम के तहत निवेश के लिए या उसी फोलियो नंबर को बनाए रखने वाली नई स्कीम के लिए किया जा सकता है। एडिशनल पर्चेज़ के मामले में, डिटेल्स पहले से ही उपलब्ध होती हैं इसलिए निवेशक की प्रोफाइल पर कोई एक्स्ट्रा जानकारी देने की ज़रुरत नहीं होती है।

## एडिशनल पर्चेज़ के लिए किन चीज़ों की ज़रुरत पड़ती है - फिज़िकल:

- सही तरीके से भरा हुआ एडिशनल पर्चेज़ फॉर्म
- अगर फोलियो KYC वेरिफाइड नहीं है तो सभी होल्डर्स का KYC वेरिफाइड एक्नॉलेजमेंट
- CTS कम्प्लाइड चेक (फर्स्ट नेम्ड यूनिट होल्डर के बैंक अकाउंट से (अगर यह प्री-प्रिंटेड इंस्ट्रूमेंट नहीं है तो बैंक स्टेटमेंट/बैंक पासबुक जैसे अतिरिक्त प्रूफ जिसमें लेटेस्ट तीन महीने की एंट्रीज़ हों, इसे थर्ड पार्टी के वेलिडेशन के लिए भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए)।

## ऑनलाइन एडिशनल पर्चेज़ के लिए किन चीज़ों की ज़रुरत पड़ती है:

- ऑनलाइन या लॉगिन के बिना भी एडिशनल पर्चेज़ किया जा सकता है। इसकी प्रक्रिया एक नई पर्चेज़ के जैसी है।
- निवेशक केवल रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट के ज़रिए ही पेमेंट कर सकता है।
- निवेशक के पास UPI / OTM / NEFT / RTGS / नेट बैंकिंग के ज़रिए फंड ट्रांसफर करने का विकल्प होता है
- चेक रिटर्न के मामले में, ऑरिजिनल चेक को रिटर्न मेमो के साथ रिकॉर्ड में मौजूद पते पर भेजा दिया जाता है।

## सभी फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन के लिए यहाँ बताए जा रहे पॉइंट्स को ध्यान में रखें:

- डीमैट ट्रांज़ैक्शन के मामले में, एप्लीकेशन फॉर्म पर दी गई डिटेल्स डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) की डिटेल्स से मेल खानी चाहिए, नहीं तो डीमैट में यूनिट्स के लिए रिक्वेस्ट को रिजेक्ट कर दिया जाएगा, और यूनिट्स को फिज़िकल मोड में अलॉट किया जाएगा।
- डीमैट फोलियो के लिए एडिशनल पर्चेज़ को छोड़कर कोई NCT या कोई अन्य रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं की जाएगी। उसी फोलियो के तहत एडिशनल पर्चेज़ के लिए, निवेशक को हर एडिशनल पर्चेज़ रिक्वेस्ट के साथ क्लाइंट मास्टर लिस्ट (CML) की कॉपी जमा करवानी होगी।
- रिडेम्पशन ट्रांज़ैक्शन के लिए उपरोक्त चीज़ों की ज़रुरत नहीं होती है। रिडेम्पशन हमारी वेबसाइट https://www.miraeassetmf.co.in/ या RTA के डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए ऑनलाइन भी किया जा सकता है।
- SIP, STP, SWP जैसे सिस्टमेटिक ट्रांज़ैक्शन के लिए ऊपर पॉइंट नंबर 2 के तहत बताई गई चीज़ों की ज़रुरत केवल रजिस्ट्रेशन के वक्त ही पड़ती है। फ्यूचर इंस्टॉलमेंट किसी भी अन्य सिस्टमेटिक ट्रांज़ैक्शन की तरह सामान्य तरीके से प्रोसेस की जाएगी।
- पावर ऑफ अटॉर्नी के ज़रिए निवेश करने के मामले में, पावर ऑफ अटॉर्नी के लिए भी KYC कंप्लायंस ज़रूरी है।
- माइनर प्राकृतिक/कोर्ट द्वारा नियुक्त गार्डियन के ज़रिए निवेश कर सकता है। गार्डियन की KYC अनिवार्य है। माइनर फोलियो में कोई जॉइंट होल्डर /नॉमिनी नहीं हो सकता है।
- निवेश की राशि माइनर के अकाउंट से या फोलियो में रजिस्टर्ड गार्डियन के अकाउंट से हो सकती है। गार्डियन को PAN देना ज़रूरी होगा और KYC का अनुपालन करना होगा।
- NRI निवेश के मामले में विदेश का पता देना ज़रूरी है।
- वेलिडेशन के उद्देश्य के लिए बैंक अकाउंट में IFSC कोड ज़रूर लिखा होना चाहिए।

## रिडेम्पशन:

यूनिट्स के रिडेम्पशन का मतलब यूनिट्स बेचना होता है। निवेशक के पास अपनी पूरी यूनिट या पार्शियल यूनिट को रिडीम करने का विकल्प होता है।

निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिट्स का रिडेम्पशन नहीं किया जा सकता है:

- क्लोज-एंडेड स्कीम्स की यूनिट्स (यूनिट्स एक्सचेंज के ज़रिए किसी अन्य बायर को ट्रांसफर की जा सकती हैं)
- प्लेज के अंडर मार्क की गई यूनिट्स
- ELSS स्कीम्स जिनमें लॉक-इन पीरियड होता है

यह भी ध्यान रखें कि बैंक में बदलाव के साथ रिडेम्पशन प्रोसेस नहीं किया जाता है।

रिडेम्पशन के निम्नलिखित तरीके हैं:

- फिजिकल
- डिजिटल
  - ऑनलाइन
  - मोबाइल ऐप
  - K-फिनटेक DIT
  - K-फिनटेक कार्ट
  - चैनल डिस्ट्रीब्यूटर
  - एक्सचेंज
  - MF-सेंट्रल
  - म्यूचुअल फंड यूटिलिटी

| स्कीम केटेगरी | सेटलमेंट साइकिल |
|---|---|
| इक्विटी (FOF और ओवरसीज स्कीम्स को छोड़कर) | T+2 |
| डेट (FOF और ओवरसीज स्कीम्स को छोड़कर) | T+1 |
| लिक्विड | T+1 |
| फंड ऑफ फंड्स | T+2 |
| ओवरसीज सिक्योरिटीज में निवेश करने वाली स्कीम्स | T+5 |

## रिडेम्पशन के मामले में ध्यान देने योग्य कुछ पॉइंट्स:

- जॉइंट होल्डिंग वाले फोलियो के मामले में सभी होल्डर्स के साइन अनिवार्य हैं।
- माइनर फोलियो के लिए पे-आउट अकाउंट माइनर का होना चाहिए या ऐसा अकाउंट होना चाहिए जहां माइनर केवल जॉइंट अकाउंट होल्डर हो।
- जब भी बैंक मैंडेट में बदलाव की रिक्वेस्ट, रिडेम्पशन रिक्वेस्ट के साथ या उसे सबमिट करने से ठीक पहले मिलती है, तो म्यूचुअल फंड्स / RTA अनधिकृत/धोखाधड़ी वाले ट्रांज़ैक्शन के विरुद्ध एहतियात के तौर पर दस दिनों के कूलिंग पीरियड की अनुमति देते हैं।
- इसके अलावा, बैंक अकाउंट वेलिडेशन विफलता के मामले में एक वारंट जारी किया जाता है और रजिस्टर्ड पते पर भेज दिया जाता है।
- रिडेम्पशन सबमिट करने से पहले कृपया संबंधित एग्जिट लोड डिटेल्स ज़रूर चेक कर लें।
- रिडेम्पशन को सफलतापूर्वक प्रोसेस करने के लिए PAN कंप्लायंस, KYC कंप्लायंस और FATCA कंप्लायंस अनिवार्य हैं।
- NRI निवेशकों के मामले में जहां केवल विदेशी पता है और IMPS वेलिडेशन असफल हो जाता है, तो वारंट प्रिंट किया जाता है और FIRC कन्फर्मेशन के साथ निवेशक की बैंक ब्रांच को भेज दिया जाता है।
- रिडेम्पशन रिक्वेस्ट करने से पहले कृपया एग्जिट लोड (अगर कोई हो) की एप्लिकेबिलिटी चेक कर लें।

## स्विच:

स्विच का मतलब एक सोर्स स्कीम से रिडेम्पशन और एक टारगेट स्कीम में पर्चेज़ है। यह निवेशक को दो रिक्वेस्ट करने के झंझट से बचने के लिए सिंगल ट्रांज़ैक्शन करने की सुविधा प्रदान करता है।
निवेशक के पास एक स्कीम / प्लान / ऑप्शन से यूनिट्स को मूव करने के लिए स्विच रिक्वेस्ट प्रदान करने का विकल्प होता है।
स्विच रिक्वेस्ट निम्नलिखित तरीकों से की जा सकती है:

- फिजिकल
- डिजिटल
  - ऑनलाइन
  - मोबाइल ऐप
  - K-फिनटेक DIT
  - K-फिनटेक कार्ट
  - चैनल डिस्ट्रीब्यूटर
  - एक्सचेंज
  - MF-सेंट्रल
  - म्यूचुअल फंड यूटिलिटी

## स्विच के मामले में ध्यान देने योग्य कुछ पॉइंट्स:

- स्विच को प्रोसेस करने के लिए सोर्स और टारगेट स्कीम दोनों के लिए मिनिमम अमाउंट क्राइटेरिया उपलब्ध होना ज़रूरी है।
- क्लोज एंडेड स्कीम्स या लॉक इन या प्लेज के अंतर्गत स्कीम्स के मामले में स्विच की अनुमति नहीं होगी।
- एक स्कीम से दूसरी स्कीम में या एक प्लान से दूसरे प्लान में स्विच करने से पहले कैपिटल गेन्स और एग्जिट लोड चेक करना चाहिए।
- स्विच को प्रोसेस करने के लिए वैलिड KYC स्टेटस, PAN वेलिडेशन, FATCA कंप्लायंस अनिवार्य हैं।

| स्विच का प्रकार | TAT | ट्रांज़ैक्शन | एग्जिट लोड |
|---|---|---|---|
| ग्रोथ - IDCW और एक ही स्कीम में वाइस-वर्सा | उसी दिन | स्विच | कोई एग्जिट लोड नहीं |
| री-इन्वेस्टमेंट के लिए IDCW पे-आउट और उसी स्कीम में वाइस-वर्सा | उसी दिन | NCT | कोई एग्जिट लोड नहीं |
| इंटर स्कीम - एक स्कीम से दूसरी स्कीम | रिडेम्पशन | स्विच | एग्जिट लोड स्कीम के मानदंडों के मुताबिक लागू होगा |
| प्लान चेंज - एक ही स्कीम में डायरेक्ट से रेगुलर | उसी दिन | स्विच | कोई एग्जिट लोड नहीं |
| प्लान चेंज - एक ही स्कीम में रेगुलर से डायरेक्ट | उसी दिन | स्विच | कोई एग्जिट लोड नहीं |

## सिस्टेमेटिक ट्रांज़ैक्शन्स:

निवेशक द्वारा इनिशिएट किए गए ट्रांज़ैक्शन के उलट, ये ट्रांज़ैक्शन सिस्टम में सेटअप होते हैं और या तो पीरिऑडिक आधार पर या किसी इवेंट के घटित होने पर होते हैं। सिस्टेमेटिक रिक्वेस्ट्स निवेशक द्वारा एक विशिष्ट अवधि के लिए रजिस्टर की जाती हैं।

सिस्टेमेटिक ट्रांज़ैक्शन्स के प्रकार:

- सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान
- सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान
- सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान

| सुविधा | फ्रेक्वेंसी | दिन/तारीख | क्राइटेरिया* |
|---|---|---|---|
| STP और Flex STP | डेली | सोमवार से शुक्रवार | मिनिमम 5 ट्रांसफर, हर ट्रांसफर 1000 रुपये का और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में। STP और Flex STP के एनरॉलमेंट के समय मिनिमम अमाउंट बैलेंस: निल |
| | वीकली | हर बुधवार | |
| | फोर्टनाइटली | अल्टरनेट वीक के हर बुधवार | |
| STP और Flex STP | मंथली | 01, 10, 15, 21 और 28 तारीख | |
| | क्वार्टरली | | |
| SIP | मंथली | 01 से 28 तारीख तक, लास्ट तीन कैलेंडर तारीखों 29, 30 और 31 को छोड़कर। | मिनिमम: 500 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में। |
| | क्वार्टरली | | |

* **नोट:** मिराए एसेट ELSS टैक्स सेवर फंड की हर STP/Flex STP इंस्टॉलमेंट, रिडीम की जाने वाली प्रपोज़्ड यूनिट्स के अलॉटमेंट की तारीख से तीन साल के लॉक-इन पीरियड के अधीन होगी। इसलिए, उक्त लॉक-इन पीरियड पूरा होने के बाद, मिराए एसेट ELSS टैक्स सेवर फंड, STP/Flex STP के लिए सोर्स स्कीम के तौर पर काम करेगा।

## सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP):

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान या SIP निवेश के लिए एक अनुशासित नज़रिया है, जहाँ निवेशक एक तय समय के लिए पहले से निर्धारित अंतराल पर अपने अकाउंट से राशि डेबिट करने का अनुरोध करता/करती है। निवेशक के पास मौजूदा फोलियो या नए फोलियो में निवेश करने का विकल्प होता है।

| फ्रिक्वेंसी | मंथली | क्वार्टरली | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रकार | नॉर्मल SIP | मल्टी SIP | टॉप-अप SIP | गोल SIP |
| डेबिट मोड्स - फिजिकल | OTM | | | |
| डेबिट मोड्स - डिजिटल | ISIP | E-NACH | UPI | |

## वे तरीके जिनके ज़रिए SIP रजिस्टर की जा सकती है:

- फिजिकल
- डिजिटल
  - मिराए वेबसाइट – इन्वेस्टर लॉगिन
  - मिराए मोबाइल ऐप
  - मिराए व्हाट्सएप बॉट
  - मिराए DIT पोर्टल
  - K-फिनटेक DIT
  - K-फिनटेक कार्ट
  - चैनल डिस्ट्रीब्यूटर
  - एक्सचेंज
  - MF सेंट्रल
  - म्यूचुअल फंड यूटिलिटी

## वन टाइम मैंडेट (OTM):

वन-टाइम मैंडेट वह मैंडेट होता है जो फोलियो लेवल पर सेटअप किया जाता है और निवेशक के अकाउंट से राशि डेबिट करने के लिए निवेशक के बैंक में रजिस्टर किया जाता है।

- SIP में निवेश करने और लम्पसम पर्चेज़ के लिए OTM का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- OTM रजिस्टर करने की अधिकतम अवधि चालीस (40) साल है।
- अधिकतम राशि ट्रांज़ैक्शन लेवल पर होती है, इसलिए वह चुनी गई अधिकतम राशि के लिए कई ट्रांज़ैक्शन ट्रिगर कर सकता है।
- सभी डिटेल्स अच्छी तरह भरी जानी चाहिए और मैंडेट में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए।
- UMRN नंबर वह रेफरेंस नंबर है जिसे निवेशक को उसी बैंक मैंडेट का इस्तेमाल करके किसी अन्य SIP को रजिस्टर करते समय बताना होता है।
- OTM को फोलियो लेवल पर रजिस्टर किया जाएगा। निवेशक एक ही फोलियो में विभिन्न बैंकों के साथ 5 अलग-अलग OTM रजिस्टर कर सकेंगे। अलग-अलग फोलियो के लिए अलग-अलग OTM रजिस्टर करने होंगे। रजिस्टर होने के बाद OTM डेबिट मैंडेट, सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान ट्रांसक्शन के पीरिऑडिक डिडक्शन को इनेबल करता है।

Scan to know more

## नॉर्मल SIP:

- नॉर्मल SIP लम्पसम पर्चेज / SIP पर्चेज के साथ या एक स्टैंडअलोन प्रोस्पेक्टिव SIP के तौर पर रजिस्टर की जाती है।
- SIP को मंथली / क्वार्टरली विकल्प के तहत रजिस्टर किया जा सकता है।
- हम हर महीने की 01 से 28 तारीख के बीच किसी भी दिन SIP रजिस्ट्रेशन ऑफर करते हैं।
- इंस्टॉलमेंट शुरू होने की तारीख एप्लीकेशन सबमिट करने की तारीख से कम से कम 25 कैलेंडर दिन होनी चाहिए, लेकिन 100 कैलेंडर दिनों के बाद की नहीं होनी चाहिए।
- अगर कोई तारीख नहीं चुनी जाती है, तो डिफ़ॉल्ट तारीख हर महीने की 05 तारीख मानी जाएगी।

Scan to know more

## मल्टी गोल SIP:

- एक ही रिक्वेस्ट पर अधिकतम तीन स्कीम्स के लिए मल्टी SIP रजिस्टर की जा सकती है।
- चेक मिराए एसेट मल्टी SIP कलेक्शन अकाउंट के फेवर में होगा।
- मल्टी SIP में SIP टॉप-अप की अनुमति नहीं है।
- इसे केवल ऑफलाइन मोड के ज़रिए ही किया जा सकता है।
- मौजूदा OTM का इस्तेमाल किया जा सकता है और अगर नहीं है, तो नया OTM फॉर्म अनिवार्य है।
- OTM लिमिट सभी स्कीम्स का टोटल या उससे ज़्यादा होनी चाहिए।
- मल्टी SIP की रिक्वेस्ट केवल मल्टी SIP फॉर्म से ही की जानी चाहिए।

## टॉप अप SIP:

- SIP टॉप-अप एक ऐसी सुविधा है जिसके तहत SIP में एनरॉल करने के इच्छुक निवेशक के पास पहले से निर्धारित इंटरवल यानी हाफ इयरली और इयरली, पर SIP इंस्टॉलमेंट की राशि में एक फिक्स्ड राशि बढ़ाने का विकल्प होता है। SIP टॉप-अप राशि SIP एनरॉलमेंट फॉर्म में भरी जानी चाहिए।
- SIP टॉप-अप की न्यूनतम राशि 500 रुपये है और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में।
- टॉप-अप के लिए डिफ़ॉल्ट विकल्प इयरली फ्रीक्वेंसी है।
- माइक्रो SIP के अंतर्गत SIP टॉप-अप सुविधा उपलब्ध नहीं है।

Scan to know more

## फिजिकल मोड के ज़रिए SIP के मामले में आवश्यक डॉक्युमेंट्स:

- सामान्य एप्लीकेशन फॉर्म (अगर नया फोलियो चुना गया हो)
- SIP एप्लीकेशन, OTM के साथ।
- वन टाइम मैंडेट (अगर OTM रजिस्टर्ड नहीं है)

- फर्स्ट नेम्ड यूनिट होल्डर का नाम और अकाउंट नंबर प्री-प्रिंटेड वाला ऑरिजिनल कैंसिल्ड चेक (या उसकी कॉपी)।
- रजिस्टर किए जाने वाले बैंक अकाउंट का बैंक प्रूफ या मैंडेट के रजिस्ट्रेशन के लिए बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन लेटर, अगर पेमेंट मैंडेट के अलावा किसी अन्य बैंक से किया जा रहा हो।
- सभी यूनिट होल्डर्स के PAN कार्ड की कॉपी (नए फोलियो और उन फोलियो पर लागू जहाँ PAN वेलिडेशन अभी तक कम्प्लाई नहीं हुआ है)
- सभी यूनिट होल्डर्स का अच्छी तरह भरा हुआ KYC फॉर्म / KYC एक्नॉलेजमेंट जिसमें KYC स्टेटस "KYC वेरिफाइड" / "KYC- वेलिडेटेड" हो।
- ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर

## नए और मौजूदा निवेशकों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन:

- **E-NACH** – E-NACH मैंडेट एक इलेक्ट्रॉनिक मैंडेट है जो म्यूचुअल फंड निवेश प्रक्रिया में हाल ही में शामिल हुआ है, ताकि पूरी निवेश प्रक्रिया को डिजिटल और पेपरलेस बनाया जा सके। निवेशकों को अपने ट्रांज़ेक्ट ऑनलाइन अकाउंट में लॉग इन करना होगा और ENACH मैंडेट रजिस्ट्रेशन का विकल्प चुनना होगा। सेल्फ-हेल्प मैकेनिज्म रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में मदद करेगी। प्रक्रिया इंस्टेंट है; हालांकि, बैंक की ओर से या NPCI साइट पर किसी भी तकनीकी समस्या के कारण इसमें देरी हो सकती है। पूरी प्रक्रिया (चाहे सफलतापूर्वक रजिस्टर्ड हो या नहीं) में आम तौर पर एक से ज़्यादा दिन नहीं लगता है। कोई रजिस्टर्ड ENACH मैंडेट का बैंक नहीं बदल सकता है। मौजूदा ENACH मैंडेट को कैंसिल करना होगा और एक नया ENACH मैंडेट रजिस्टर करना होगा। मैंडेट कैंसिल होते ही पुराने मैंडेट के तहत रजिस्टर्ड SIP भी समाप्त हो जाएंगे।
- अधिकतम **1,00,00,000/- रु.** राशि की अनुमति है और अधिकतम अवधि 40 साल है। निवेशक E-NACH का लाभ तभी उठा सकता है जब बैंक रिकॉर्ड में अकाउंट का प्रकार सेविंग्स अकाउंट हो। E-NACH मैंडेट स्टेटस ENACH रजिस्ट्रेशन समरी के अंतर्गत दिखेगा।

  E-NACH रजिस्टर्ड हो जाने पर निवेशक **तुरंत SIP रजिस्टर कर सकता है। इंस्टॉलमेंट शुरू होने की तारीख कम से कम 5 कैलेंडर दिन होनी चाहिए।**




- **ISIP:** हमारे नए और मौजूदा निवेशकों के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जहाँ वे बिना किसी पेपर वर्क के हमारी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) शुरू कर सकते हैं। 37 लिस्टेड बैंकों में से किसी के साथ ऑनलाइन बैंकिंग एक्सेस रखने वाले सभी आवेदक इस शानदार सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## नई निवेशक की जर्नी - ISIP:

नए निवेशक आसान स्टेप्स को फॉलो करके जल्दी से SIP रजिस्टर कर सकते हैं:

स्टेप 1: "New Investor" टैब में PAN बताएं।

स्टेप 2: FATCA डिटेल्स को वेलिडेट और कन्फर्म करें।

स्टेप 3: कॉन्टेक्ट, बैंक और नॉमिनी के क्रेडेंशियल के साथ आवेदक की डिटेल्स भरें।

स्टेप 4: बैंक डिटेल्स में SIP चुनें।

स्टेप 5: स्कीम, प्लान, SIP राशि, SIP की तारीख और ड्यूरेशन/पीरियड चुनें।

स्टेप 6: नॉमिनेशन (अगर लागू हो) और डिस्ट्रीब्यूटर की डिटेल्स भरें।

स्टेप 7: अंडरटेकिंग और नियम एवं शर्तें कन्फर्म करें।

स्टेप 8: चाहे गए रजिस्ट्रेशन के लिए एक यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर (URN) जनरेट होगा।

स्टेप 9: उसी URN को URN की एक्सपायरी डेट को या उससे पहले आपके बैंक में लिस्टेड/रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए।

**UPI** (केवल मौजूदा निवेशक के लिए उपलब्ध है):

UPI ऑटो पे मैंडेट इलेक्ट्रॉनिक मैंडेट सेट करने का एक विकल्प है जिससे यूज़र्स UP ऐप्स के ज़रिए आराम से रेकरिंग पेमेंट कर सकते हैं। निवेशक अब सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान जैसे रेकरिंग इन्वेस्टमेंट ऑप्शन के लिए NPCI सपोर्टेड किसी भी UPI एप्लीकेशन का इस्तेमाल करके रेकरिंग ई-मैंडेट इनेबल कर सकते हैं। इससे पूरी निवेश प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस हो जाती है।

अधिकतम 1,00,000 रुपये तक UPI मैंडेट रजिस्टर किया जा सकता है।

निवेशकों को मिराए एसेट म्यूचुअल फंड वेबसाइट (https://www.miraeassetmf.co.in/) पर अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉग इन करना होगा और मैंडेट रजिस्ट्रेशन ऑप्शन के तहत UPI ऑटो पे मैंडेट रजिस्ट्रेशन चुनना होगा। यह सेल्फ-हेल्प मैकेनिज्म रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्दी से पूरा करने में मदद करेगा।

UPI ऑटोपे मैंडेट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया इंस्टेंट है; हालांकि, निवेशक के बैंक या NPCI में किसी तकनीकी समस्या के कारण इसमें देरी हो सकती है।

आप अपने क्रेडेंशियल्स के साथ मिराए एसेट म्यूचुअल फंड वेबसाइट पर लॉग इन करने पर मैंडेट स्टेटस को UPI ऑटो पे रजिस्ट्रेशन समरी में चेक कर सकते हैं।

आप UPI ऑटो पे रजिस्ट्रेशन समरी में UMRN चुनकर मैंडेट के तहत रजिस्टर्ड अधिकतम राशि तक एक से ज़्यादा SIP रजिस्टर कर सकते हैं।

कोई रजिस्टर्ड UPI ऑटो पे मैंडेट का बैंक नहीं बदल सकता है। मौजूदा UPI ऑटो पे मैंडेट को कैंसिल करना होगा और एक नया UPI ऑटो पे मैंडेट रजिस्टर करना होगा। यह भी ध्यान रखें कि मैंडेट कैंसिल होते ही मैंडेट के तहत रजिस्टर्ड SIP भी समाप्त हो जाएंगे।

ऑटो पे रजिस्टर्ड हो जाने पर निवेशक 3 दिन के अंदर SIP रजिस्टर कर सकेगा।

## SIP में वैल्यू एडेड सर्विसेज:

### SIP पॉज़

- निवेशक किसी भी समय SIP पॉज़ कर सकते हैं, इसके लिए SIP पॉज़ फॉर्म भरकर उसे किसी भी मिराए एसेट MF/ K-फिनटेक ब्रांच में सबमिट कर सकते हैं। यह सुविधा AMC डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए भी उपलब्ध है।
- निवेशक SIP रजिस्ट्रेशन की पूरी अवधि के दौरान इस सुविधा का लाभ केवल दो बार उठा सकता है।
- इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए, अगली मंथली SIP इंस्टॉलमेंट की तारीख (यानी, रिक्वेस्ट की तारीख और अगली SIP इंस्टॉलमेंट तारीख को छोड़कर) से कम से कम 10 कैलेंडर दिन पहले AMC/K-फिनटेक को एक वैलिड एप्लीकेशन सबमिट की जानी चाहिए।
- निवेशक एक बार रिक्वेस्ट करने के बाद इस सुविधा को कैंसिल नहीं कर सकता है।
- यह सुविधा केवल मंथली SIP फ्रीक्वेंसी के अंतर्गत उपलब्ध है।
- केवल वे निवेशक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं जिन्होंने कम से कम छह वैलिड SIP इंस्टॉलमेंट पूरी कर ली हों।
- बताया गया पॉज़ पीरियड पूरा होने के तुरंत बाद, SIP अगली इंस्टॉलमेंट से अपने आप शुरू हो जाएगी।
- यह सुविधा MF यूटिलिटीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("MFUI"), NSE और BSE के स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म्स और चैनल डिस्ट्रीब्यूटर प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए सोर्स्ड/रजिस्टर्ड SIP के लिए उपलब्ध नहीं है, क्योंकि SIP मैंडेट संबंधित संस्थाओं द्वारा रजिस्टर्ड होते हैं।
- इसके अलावा, यह सुविधा संबंधित बैंकों के स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शंस के तहत रजिस्टर्ड SIP के लिए भी उपलब्ध नहीं है।
- यह सुविधा मल्टी SIP के तौर पर रजिस्टर्ड SIP के लिए उपलब्ध नहीं है।
- किसी स्कीम में कई SIP रजिस्टर्ड होने के मामले में, यह सुविधा सर्फ उन SIP इंस्टॉलमेंट्स के लिए लागू होगी जिनकी SIP तारीख, फ्रीक्वेंसी, राशि और प्लान फॉर्म में स्पष्ट रूप से बताए गए हैं। अगर आवश्यक जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं भरी जाती है, तो स्कीम के सभी SIP को पॉज़ कर दिया जाएगा।

## SIP का मॉडिफिकेशन:

SIP मॉडिफिकेशन एक वैल्यू एडेड फीचर है जिसके तहत निवेशक अब मौजूदा रजिस्टर्ड SIP को कैंसिल किए बिना SIP तारीख / फ्रीक्वेंसी / राशि / SIP समाप्त होने की तारीख / स्कीम ऑप्शन बदलने का विकल्प चुन सकते हैं। यह सुविधा SIP प्रक्रिया के विभिन्न स्टेज में होने वाली सभी कैंसलेशन और फिर से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रियाओं से बचाएगी। अगर निवेशक SIP स्कीम को मॉडिफाई करना चाहता है, तो ऐसी स्थिति में मौजूदा SIP स्कीम समाप्त हो जाएगी और नई SIP स्कीम फोलियो के अंतर्गत रजिस्टर हो जाएगी।

- SIP मॉडिफिकेशन सुविधा फिजिकल मोड से रजिस्टर्ड SIP, इंटरनेट SIP और E-NACH और UPI ऑटोपे के ज़रिए रजिस्टर्ड SIP के लिए उपलब्ध है। एक्सचेंज रजिस्टर्ड SIP, चैनल डिस्ट्रीब्यूटर और MFU के ज़रिए रजिस्टर्ड SIP के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
- SIP मॉडिफिकेशन रिक्वेस्ट अगली SIP इंस्टॉलमेंट की तारीख से कम से कम 15 दिन पहले सबमिट की जानी चाहिए (रिक्वेस्ट की तारीख और अगली SIP इंस्टॉलमेंट की तारीख को छोड़कर)।
- निवेशक अपनी मौजूदा SIP इंस्टॉलमेंट की राशि को बदल सकता है, हालांकि यूनिट होल्डर को मौजूदा NACH/OTM/ENACH मैंडेट में सेट की गई लिमिट को वेरीफाई करना होगा। अगर मॉडिफिकेशन डेबिट के लिए अधिकतम राशि से ज़्यादा है, तो SIP इंस्टॉलमेंट की राशि को मॉडिफाई करने की रिक्वेस्ट रिजेक्ट कर दी जाएगी।
- SIP मॉडिफिकेशन सुविधा के ज़रिए डिस्ट्रीब्यूटर बदलने की अनुमति नहीं है। SIP मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटर कोड के साथ जारी रहेगी।
- अगर SIP को पॉज़ किया हुआ है, तो SIP मॉडिफिकेशन नहीं किया जा सकता है।
- SIP स्कीम का ओवरसीज स्कीम में मॉडिफिकेशन लागू नहीं होता है।
- SIP मॉडिफिकेशन के तहत प्लान लेवल मॉडिफिकेशन की अनुमति नहीं है, यानी डायरेक्ट से रेगुलर या रेगुलर से डायरेक्ट की अनुमति नहीं है।
- टॉप-अप सुविधा के साथ लाइव SIP रजिस्ट्रेशन किसी भी मॉडिफिकेशन के लिए पात्र नहीं है।
- राशि के मॉडिफिकेशन के मामले में, स्कीम की न्यूनतम राशि का क्राइटेरिया पूरा होना चाहिए।

## SIP कैंसलेशन:

अगर कोई निवेशक अपने मौजूदा SIP रजिस्ट्रेशन को जारी नहीं रखना चाहता है, तो उसे SIP कैंसलेशन की रिक्वेस्ट करनी होगी। यह डिजिटल या फिजिकल रिक्वेस्ट के ज़रिए किया जा सकता है।

- निवेशकों के लिए एग्जिट को आसान बनाने के संबंध में SEBI के दिशानिर्देशों के मुताबिक, एक्सचेंज / MFU / MF-सेंट्रल / चैनल डिस्ट्रीब्यूटर्स / फिजिकल या ऑनलाइन (हमारे डिजिटल एसेट्स और K-फिनटेक डिजिटल एसेट्स) के ज़रिए रजिस्टर्ड SIP को मिराए एसेट म्यूचुअल फंड को रिक्वेस्ट करके कैंसिल किया जा सकता है।
- यह सलाह दी जाती है कि SIP कैंसलेशन रिक्वेस्ट अगली इंस्टॉलमेंट की तारीख से कम से कम 10 दिन पहले की जानी चाहिए।
- SEBI के 25 अक्टूबर 2024 के लेटर के मुताबिक, SIP कैंसलेशन की समय-सीमा 10 कैलेंडर दिनों से संशोधित कर 2 कार्यदिवस कर दी गई है। प्रभावी तारीख 1 दिसंबर, 2024 है।

## मिस्ड SIP की सुविधा:

अगर SIP इंस्टॉलमेंट सफल नहीं हुई तो निवेशक को सीमित अवधि का लिंक भेजकर डिजिटल तरीके से अपनी मिस्ड SIP ट्रिगर की निरंतरता सुनिश्चित करने का मौका दिया जाता है, इसे एडिशनल पर्चेज़ माना जाएगा और NAV क्रेडिट रिअलाइज़ेशन के मुताबिक अलॉट किया जाएगा।

- लिंक पर क्लिक करने के बाद निवेशक को लॉग इन करने के लिए अपना PAN नंबर और रजिस्टर्ड ईमेल आईडी बताना होगा।
- लिंक 10 कैलेंडर दिनों तक एक्टिव रहेगा और ट्रांज़ैक्शन सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद लिंक एक्सपायर हो जाएगा।
- निवेशक ट्रांज़ैक्शन की राशि को एडिट कर सकता है, लेकिन यह उस स्कीम के लिए निर्धारित SIP न्यूनतम राशि के क्राइटेरिया से कम नहीं होनी चाहिए।
- यूनिट्स को क्रेडिट रिअलाइज़ेशन के मुताबिक अलॉट किया जाएगा।
- निवेशक के पास निम्नलिखित तरीकों से अपनी राशि भेजने का विकल्प है: नेट-बैंकिंग, NEFT और UPI
- आधार/PAN लिंक या KYC संबंधी रिजेक्शन के लिए निवेशक को पहले इन आपत्तियों को क्लियर करना होगा, जिसके बाद वे इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे।

## कॉर्पोरेट SIP (पहले ग्रुप इन्वेस्टमेंट प्लान - GRIP के नाम से जाना जाता था):

कॉर्पोरेट SIP (C-SIP) से एम्प्लॉयर मिराए एसेट म्यूचुअल फंड की चुनिंदा ओपन-एंडेड स्कीम्स में निवेश करके कर्मचारियों के लिए निवेश कर सकता है। कर्मचारी को एप्लीकेशन फॉर्म अपने ऑर्गेनाइज़ेशन के सैलरी डिपार्टमेंट में सबमिट करना होगा। सैलरी डिपार्टमेंट सैलरी डिडक्शन को ऑथोराइज़ करने वाले हिस्से को अलग कर देगा और फॉर्म के शेष हिस्से को AMC पर्सन के ऑथराइजेशन फॉर्म की एक कॉपी के साथ मिराए एसेट म्यूचुअल फंड को भेज देगा।

**मिराए एसेट कॉर्पोरेट SIP (C-SIP) के लिए विशिष्ट निर्देश**

- C - SIP सुविधा के अंतर्गत उपलब्ध सभी स्कीम्स
- यह फॉर्म सैलरी की तारीख से कम से कम 5 कार्यदिवस पहले सबमिट किया जाना चाहिए। निवेशक के पास अंतिम तीन कैलेंडर तारीखों 29, 30 और 31 को छोड़कर महीने की 01 से 28 तारीख तक किसी भी तारीख को SIP तारीख के रूप में चुनने का विकल्प होगा। प्रति डिडक्शन न्यूनतम निवेश राशि 500 रुपये है और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में।
- सभी कर्मचारियों के साथ-साथ एम्प्लॉयर की KYC भी अनिवार्य है।
- सभी C-SIP पर्चेज़ ऑर्गेनाइज़ेशन के सैलरी डिपार्टमेंट द्वारा चेक/फंड ट्रांसफर के अधीन हैं।
- एम्प्लॉयर को अपने कर्मचारियों की ओर से क्युमुलेटिव SIP निवेश करते समय थर्ड-पार्टी डिक्लेरेशन फॉर्म पर साइन करने होंगे।
- यूनिट्स केवल फिजिकल मोड में अलॉट की जाएँगी। यूनिट्स को डीमैट मोड में होल्ड करने का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।
- NRI इस सुविधा के ज़रिए निवेश नहीं कर पाएंगे।
- कर्मचारी को इस सुविधा के लिए प्रथम/एकमात्र आवेदक होना आवश्यक है।
- क्लियरिंग हाउस में पार्टिसिपेट नहीं करने वाले बैंक के नाम से जारी चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- स्टॉक इन्वेस्ट, आउटस्टेशन चेक और कैश के ज़रिए पेमेंट स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन सेंटर में म्यूचुअल फंड के इन्वेस्टर्स सर्विस सेंटर स्थित नहीं हैं, वहां के ऑर्गेनाइज़ेशन से अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक मोड/फंड ट्रांसफर के ज़रिए पेमेंट करें। फंड द्वारा किसी भी बैंकिंग चार्जेज का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- ऑर्गेनाइज़ेशन को C-SIP में पार्टिसिपेट करने वाले कर्मचारी की कुल राशि के अनुसार C-SIP राशि रेमिट/ट्रांसफर करनी होगी और यह अपलोड फाइल /xls में राशि के साथ मेल खाना चाहिए।

## सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान:

इस सुविधा से यूनिट होल्डर्स स्कीम में अपने यूनिट अकाउंट से मौजूदा स्कीम्स या समय-समय पर फंड द्वारा शुरू की गई अन्य स्कीम्स में निश्चित राशि ट्रांसफर कर सकते हैं। यह ट्रांसफर यूनिट होल्डर द्वारा सुविधा के लिए एप्लीकेशन फॉर्म में बताई गई तारीख से शुरू होगा।

- STP के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन के लिए न्यूनतम 5 दिनों की अवधि आवश्यक होगी।
- यूनिट्स को स्कीम की संबंधित तारीखों के लागू NAV पर अलॉट/रिडीम किया जाएगा, जिस दिन स्कीम से ऐसे ट्रांसफर मांगे गए हों।
- अगर जिस दिन ट्रांसफर मांगा गया है वह स्कीम के लिए गैर-कार्य दिवस है, तो सुविधा के लिए एप्लीकेशन तत्काल अगले कार्य दिवस को प्राप्त हुई मानी जाएगी।
- लॉक-इन पीरियड वाले निवेशों और प्लेज्ड निवेशों के लिए STP उपलब्ध नहीं है।
- यूनिटहोल्डर को सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान के अंतर्गत ट्रांसफर की तारीख / एग्जीक्यूशन की तारीख पर ट्रांसफरर स्कीम में चुने गए प्लान के अनुसार मिनिमम बैलें मेंटेन करना होगा।
- अगर निवेशक के पास लगातार 3 महीनों तक अपर्याप्त बैलेंस / अनक्लियर यूनिट्स बनी रहती हैं, तो STP बंद कर दिया जाएगा।

Scan to know more

| STP और / FLEX STP सारांश | | |
|---|---|---|
| डेली | सोमवार से शुक्रवार | 1000 रुपये के न्यूनतम 5 ट्रांसफर, उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में। एनरॉलमेंट के समय मिनिमम बैलेंस: निल |
| वीकली | हर बुधवार | |
| फोर्टनाइटली | अल्टरनेट वीक के हर बुधवार | |
| मंथली | 01, 10, 15, 21 और 28 तारीख | |
| क्वार्टरली | 01, 10, 15, 21 और 28 तारीख | |

## FLEX STP (पहले वेरिएबल ट्रांसफर प्लान-VTP के नाम से जाना जाता था):

मिराए एसेट FLEX STP एक ऐसी सुविधा है, जिसमें मिराए एसेट म्यूचुअल फंड की डेसिग्नेटेड ओपन-एंडेड स्कीम्स के यूनिट होल्डर, मिराए एसेट म्यूचुअल फंड (ट्रांसफरर स्कीम) की डेसिग्नेटेड ओपन-एंडेड स्कीम्स से मिराए एसेट म्यूचुअल फंड (ट्रांसफरी स्कीम) की डेसिग्नेटेड ओपन-एंडेड स्कीम्स में प्रति-निर्धारित इंटरवल पर ट्रांसफर की तारीख पर FLEX STP के तहत निवेश की वैल्यू से लिंक्ड वेरिएबल अमाउंट को ट्रांसफर करने का विकल्प चुन सकते हैं।

- FLEX STP के तहत यूनिट होल्डर्स निम्नलिखित को ट्रांसफर कर सकेंगे:
  - प्रति इंस्टॉलमेंट फिक्स्ड राशि (या)
  - निम्नलिखित फॉर्मूला द्वारा निर्धारित राशि: - [(प्रति इंस्टॉलमेंट ट्रांसफर की जाने वाली फिक्स्ड राशि X वर्तमान इंस्टॉलमेंट सहित इंस्टॉलमेंट की संख्या) - ट्रांसफर की तारीख पर टारगेट स्कीम में Flex STP के ज़रिए निवेश की मार्केट वैल्यू] ट्रांसफर की तारीख पर जो भी ज़्यादा हो।
  - पहली FLEX STP इंस्टॉलमेंट एनरॉलमेंट के समय यूनिट होल्डर द्वारा बताई गई फिक्स्ड इंस्टॉलमेंट राशि के आधार पर प्रोसेस की जाएगी। दूसरी FLEX STP इंस्टॉलमेंट से ट्रांसफर राशि की गणना ऊपर बताए गए फॉर्मूला के मुताबिक की जाएगी।
  - FLEX STP - डेली, वीकली, मंथली, क्वार्टरली और फोर्टनाइटली इंटरवल के मामले में, आरंभ होने की तारीख वैलिड रिक्वेस्ट प्राप्त होने की तारीख से 7 बिज़नेस दिनों के अंदर होगी।
    डेली, वीकली, मंथली, क्वार्टरली और फोर्टनाइटली FLEX STP के लिए जो शुक्रवार को या किसी भी व्यावसायिक दिन पर पड़ता है, जहां अगला दिन गैर-व्यावसायिक दिन है, तो लागू NAV ट्रांज़ैक्शन की तारीख होगा, यानी सोर्स और टारगेट स्कीम दोनों के लिए 3.00 PM से पहले।
  - अगर सुविधा को बंद करना चाहते हैं तो चुनी गई फ्रीक्वेंसी के लिए अगली लागू ट्रांसफर की तारीख से कम से कम 7 व्यावसायिक दिन पहले एक लिखित रिक्वेस्ट सबमिट की जानी चाहिए।

Scan to know more

## सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान:

इस सुविधा से यूनिट होल्डर्स वन-टाइम रिक्वेस्ट के ज़रिए समय-समय पर स्कीम से विड्रॉ कर सकते हैं। विड्रॉल, सुविधा का लाभ उठाते समय निवेशक द्वारा बताई गई स्टार्ट डेट से शुरू होंगे।

- SWP के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए न्यूनतम 5 दिनों की अवधि आवश्यक होगी।
- यूनिट्स को उन संबंधित तारीखों के लागू NAV पर रिडीम किया जाएगा जिन पर ऐसे विड्रॉल चाहिए होते हैं। हालाँकि, अगर रिडेम्पशन करने की तारीखों में से कोई तारीख गैर-व्यावसायिक दिन है, तो यूनिट्स को अगले व्यावसायिक दिन के लागू NAV पर रिडीम किया जाएगा।
- लॉक-इन पीरियड वाले निवेशों और प्लेज्ड निवेशों के लिए SWP उपलब्ध नहीं है।
- SWP विड्रॉल का विकल्प:
  - फिक्स्ड विड्रॉल: फिक्स्ड विड्रॉल के लिए न्यूनतम राशि ₹1,000/- या उससे ज़्यादा है।
- स्कीम एप्लीकेबल एग्जिट लोड (अगर कोई हो) संबंधित इंस्टॉलमेंट के लिए विड्रॉल के समय लागू होगा।

| सुविधा | फ्रीक्वेंसी | तारीख | क्राइटेरिया |
|---|---|---|---|
| SWP | मंथली | 1 या 10 या 15 या 21 या 28 | 1000 रुपये के न्यूनतम 5 ट्रांसफर, उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में। SWP के एनरॉलमेंट के समय मिनिमम बैलेंस: निल |
| | क्वार्टरली | | |
| | सेमी-एनुअली | | |
| | एनुअली | | |

Scan to know more



# नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन्स

## नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन्स:

नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन वह होता है जिसमें कोई मोनेटरी विचार शामिल नहीं होता है और इसलिए ट्रेड की तारीख या NAV की तारीख का कॉन्सेप्ट लागू नहीं होता है।

## बैंक डिटेल्स में बदलाव:

- मोड ऑफ ऑपरेशन के अनुसार सभी यूनिट होल्डर्स द्वारा साइन किया गया रिक्वेस्ट लेटर।
- नए बैंक अकाउंट के प्रूफ के लिए सबमिट किए जाने वाले डॉक्युमेंट्स
  - नए बैंक मैंडेट का कैंसिल्ड ऑरिजिनल चेक, जिस पर चेक के फेस पर फर्स्ट यूनिट होल्डर का नाम और बैंक अकाउंट नंबर प्रिंटेड हो, या ऑरिजिनल के साथ सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी (वेरिफिकेशन और काउंटर पर रिटर्न के लिए) या बैंक द्वारा अटेस्टेड कॉपी। (या)
  - नए बैंक स्टेटमेंट की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी, जिसमें एंट्रीज 3 महीने से ज़्यादा पुरानी न हों (या)
  - बैंक पासबुक जिसमें वर्तमान एंट्रीज 3 महीने से ज़्यादा पुरानी न हों। (या)
  - माइनर के फोलियो के मामले में, माइनर के बैंक अकाउंट से या गार्डियन के साथ माइनर के जॉइंट अकाउंट से उपर्युक्त में से कोई भी प्रूफ दिया जाना चाहिए।
  - फोलियो में वर्तमान में रजिस्टर्ड मौजूदा बैंक मैंडेट के लिए सबमिट किए जाने वाले डॉक्युमेंट्स।
    - नए बैंक मैंडेट का कैंसिल्ड ऑरिजिनल चेक, जिस पर चेक के फेस पर फर्स्ट यूनिट होल्डर का नाम और बैंक अकाउंट नंबर प्रिंटेड हो, या ऑरिजिनल के साथ सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी (वेरिफिकेशन और काउंटर पर रिटर्न के लिए) या बैंक/नोटरी पब्लिक द्वारा अटेस्टेड कॉपी। (या)
    - ऑरिजिनल बैंक अकाउंट स्टेटमेंट / पासबुक (या)
    - अगर ऐसा बैंक अकाउंट पहले ही बंद हो चुका है, तो ऐसे बैंक के लेटर हेड पर उस बैंक अकाउंट के बंद होने की पुष्टि करने वाला बैंक द्वारा साइन किया गया और स्टाम्प लगा ऑरिजिनल लेटर या लेटर की सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी (वेरिफिकेशन और काउंटर पर रिटर्न के लिए)।
  - AMFI गाइडलाइन्स के मुताबिक, रिस्क कम करने के लिए नए बैंक के अपडेशन के बाद 10 दिनों का कूलिंग पीरियड होगा। इसलिए, इस बीच की अवधि के दौरान रिडेम्पशन (अगर कोई हो) के पे-आउट की तारीख तदनुसार बदल दी जाएगी।

## मल्टीपल बैंक मैंडेट रजिस्ट्रेशन:

- "मल्टीपल बैंक मैंडेट रजिस्ट्रेशन" फॉर्म (डिफॉल्ट बैंक का उल्लेख किया जाना चाहिए)
- बैंक प्रूफ (प्री-एग्जिस्टिंग - डिफॉल्ट बैंक मैंडेट रजिस्टर्ड) की एक कॉपी अनिवार्य रूप से प्रदान की जानी चाहिए।
- नीचे बताए गए डॉक्युमेंट्स में से कोई एक:
  - नए बैंक मैंडेट का कैंसिल्ड ऑरिजिनल चेक, जिस पर चेक के फेस पर फर्स्ट यूनिट होल्डर का नाम और बैंक अकाउंट नंबर प्रिंटेड हो, या ऑरिजिनल के साथ सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी (वेरिफिकेशन और काउंटर पर रिटर्न के लिए) या बैंक द्वारा अटेस्टेड कॉपी। (या)
  - लेटेस्ट बैंक स्टेटमेंट की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी या बैंक पासबुक, जिसमें वर्तमान एंट्रीज 3 महीने से अधिक पुरानी न हों।
  - इंडिविजुअल फोलियो में अधिकतम 5 बैंक रजिस्टर किए जा सकते हैं और नॉन-इंडिविजुअल फोलियो में अधिकतम 10 बैंक रजिस्टर किए जा सकते हैं।
- रजिस्टर्ड बैंक (नॉन-डिफॉल्ट बैंक) डिलीट करना
  - डिलीट किए जाने वाले बैंक की डिटेल्स के साथ MBR फॉर्म।

## कॉन्टेक्ट डिटेल्स का अपडेशन – ईमेल / मोबाइल नंबर:

रिक्वेस्ट लेटर (जिसमें कॉन्टेक्ट डिटेल्स सेक्शन से संबंधित है यानि फैमिली डिक्लेरेशन) पर मोड ऑफ ऑपरेशन के मुताबिक सभी यूनिट होल्डर्स के साइन होने चाहिए। किसी एक या सर्वाइवर के मामले में, कोई भी रिक्वेस्ट पर साइन कर सकता है।

## होल्डिंग के तरीके का अपडेशन / बदलाव:

सभी यूनिट होल्डर्स द्वारा साइन किया गया रिक्वेस्ट लेटर।

Scan to know more

## नॉमिनी का रजिस्ट्रेशन, कैंसलेशन, बदलाव और ऑप्ट-आउट:

SEBI के दिनांक 10 जून, 2024 के सर्क्युलर SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/81 के मुताबिक, नॉमिनेशन या ऑप्ट आउट की आवश्यकताओं का पालन न करने वाले फोलियो को डेबिट ट्रांज़ैक्शन के लिए फ्रीज नहीं किया जाएगा। बिना नॉमिनेशन या ऑप्ट आउट वाले लीगेसी फोलियो पर कोई रेस्ट्रिक्शन नहीं लगाया जाएगा।

इसके अलावा, सिंगल होल्डिंग कैपेसिटी वाले सभी नए फोलियो को अनिवार्य रूप से नॉमिनेशन और ऑप्ट आउट का पालन करना होगा।

**नॉमिनेशन के लिए अनिवार्य फील्ड्स निम्नलिखित हैं:**

- नॉमिनी का नाम
- नॉमिनेशन परसेंटेज (अगर एक से ज़्यादा नॉमिनी हों)
- फर्स्ट होल्डर के साथ संबंध।
- अगर नॉमिनी माइनर है, तो जन्मतिथि अनिवार्य है और गार्डियन का नाम वैकल्पिक है।

**नॉमिनेशन के मामले में ध्यान देने योग्य कुछ मुख्य पॉइंट्स:**

- एक फोलियो में अधिकतम तीन (3) नॉमिनी हो सकते हैं। एक से ज़्यादा नॉमिनी अपॉइंट करने की स्थिति में, परसेंटेज और शेयर स्पष्ट तरीके से बताए जाने चाहिए। अगर यह नहीं बताया जाता है, तो दो नॉमिनी के लिए यह 50% और तीन के लिए 33%, 33% और 34% माना जाएगा।
- माइनर नॉमिनेट नहीं कर सकते हैं।
- यूनिट होल्डर्स के पास फोलियो में नॉमिनी को अपडेट/मॉडिफाई करने का विकल्प होता है। मौजूदा नॉमिनेशन में मॉडिफिकेशन के मामले में, होल्डिंग के मोड की परवाह किए बिना, फोलियो में सभी यूनिट होल्डर्स की स्पष्ट सहमति होनी चाहिए।

नॉमिनेशन फॉर्म अच्छी तरह से भरा हुआ और सभी यूनिट होल्डर्स (मोड ऑफ ऑपरेशन पर ध्यान दिए बिना) के साइन होने चाहिए, जिसमें एक से ज़्यादा नॉमिनी के मामले में हर नॉमिनी को परसेंटेज के हिसाब से एलोकेशन भी बताया जाना चाहिए।

**ध्यान दें:**

- सभी नए बनाए गए इंडिविजुअल / सोल प्रोप्राइटर- सिंगल होल्डिंग फोलियो के लिए नॉमिनेशन /ऑप्ट-आउट अनिवार्य है।
- परसेंटेज एलोकेशन कुल 100% होना चाहिए। SEBI की गाइडलाइन्स के मुताबिक, अधिकतम 3 नॉमिनी की अनुमति होगी, जो 100% के बराबर होंगे।
- भारतीय निवासी जिन्हें नॉमिनेट किया जा सकता है:
  - इंडिविजुअल;
  - माइनर, माता-पिता/कानूनी अभिभावक के ज़रिए (जिनका नाम और पता देना आवश्यक है)
  - धार्मिक या चैरिटेबल ट्रस्ट;
  - केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोकल ऑथोरिटी या अपने पद के आधार पर कोई व्यक्ति।
- माइनर की ओर से होल्ड किए गए फोलियो/ अकाउंट में नॉमिनेशन की अनुमति नहीं होगी।
- जॉइंट होल्डिंग इन्वेस्टमेंट के लिए, अगर नॉमिनी माइनर है - तो फर्स्ट होल्डर सेकंड होल्डर को या सेकंड होल्डर फर्स्ट होल्डर को नॉमिनी का गार्डियन नियुक्त कर सकता है।
- HUF सहित नॉन-इंडिविजुअल संस्थाओं के लिए नॉमिनेशन की अनुमति नहीं है।
- नॉमिनेशन फॉर्म पर पावर ऑफ अटॉर्नी (POA) होल्डर्स साइन नहीं कर सकते हैं और हर नया नॉमिनेशन फोलियो/ अकाउंट में मौजूदा नॉमिनेशन को ओवरराइट कर देगा।
- जो निवेशक सिंगल होल्डिंग कैपेसिटी में फोलियो होल्ड करते हैं/ करने के इच्छुक हैं और अपने फोलियो में किसी व्यक्ति को नॉमिनी के तौर पर नॉमिनेट नहीं करना चाहते हैं, उन्हें एप्लीकेशन फॉर्म पर अलग से नॉमिनेट न करने की अपनी इच्छा कन्फर्म करनी होगी।

निवेशक निम्नलिखित तरीकों से नॉमिनेशन को अपडेट कर सकता है या नॉमिनेशन से ऑप्ट आउट कर सकता है:

- www.miraeassetmf.co.in पर लॉग इन करें। यह सुविधा केवल सिंगल मोड ऑफ होल्डिंग के लिए उपलब्ध है।
- K-फिनटेक सर्विसेज फंड:https://mfs.kfintech.com/investor/General/NCTNomineeUpdation
- https://www.mfcentral.com/ में MF सेंट्रल प्लेटफॉर्म पर सभी AMC में
- इसके अलावा निवेशक अपनी नज़दीकी AMC ब्रांच या K-फिनटेक इन्वेस्टर सर्विस सेंटर पर सभी होल्डर्स के साइन वाली लिखित रिक्वेस्ट या नॉमिनेशन फॉर्म सबमिट कर सकते हैं। नॉमिनेशन फॉर्म www.miraeassetmf.co.in पर उपलब्ध हैं।

## फोलियो का कंसोलिडेशन:

मोड ऑफ ऑपरेशन के हिसाब से सभी यूनिट होल्डर्स द्वारा साइन किया हुआ रिक्वेस्ट लेटर, जिसमें उन टारगेटऔर सोर्स फोलियो का उल्लेख हो जिन्हें कंसोलिडेट करना है।

कंसोलिडेशन के मामले में निम्नलिखित पॉइंट्स को ध्यान में रखना चाहिए:

- सभी फोलियो में नीचे दिए गए आइडेंटिकल नॉन-फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन होने चाहिए, जैसे
  - निवेशक का नाम और होल्डिंग पैटर्न
  - होल्डिंग का तरीका
  - टैक्स स्टेटस (रेजिडेंट इंडिविजुअल और नॉन-रेजिडेंट इंडिविजुअल)
  - प्राइमरी बैंक की डिटेल्स
  - नॉमिनेशन

## माइनर यूनिट होल्डर के गार्डियन में बदलाव:

- माइनर यूनिट होल्डर के गार्डियन में बदलाव के लिए रिक्वेस्ट लेटर।
- नए गार्डियन के PAN कार्ड की कॉपी
- नए गार्डियन का केवाईसी एक्नॉलेजमेंट या CKYC फॉर्म
- गार्डियन के डेथ सर्टिफिकेट की अटेस्टेड* कॉपी (अगर लागू हो)
- अगर गार्डियन में बदलाव कोर्ट द्वारा लीगल गार्डियन की नियुक्ति के कारण हुआ है, तो कोर्ट के ऑर्डर की अटेस्टेड* कॉपी।
- नए गार्डियन का माइनर के साथ संबंध दर्शाने वाले डॉक्युमेंट प्रूफ (जैसे माइनर का पासपोर्ट/ बर्थ सर्टिफिकेट/ PAN कार्ड / स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट आदि, जिसमें नए गार्डियन का नाम लिखा हो)
- नए गार्डियन के नाम से माइनर के रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट के संबंध में गार्डियन बदलने का प्रमाण देने वाला कैंसिल्ड चेक (अगर लागू हो)
- FATCA और CRS डिटेल्स
- नए गार्डियन को फोलियो में अपडेट करने से पहले PAN वेलिडेशन किया जाएगा।

* नोटरी पब्लिक या जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (JMFC) या गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड किया जाना चाहिए।

## फोलियो का ट्रांसमिशन:

## दूसरे या तीसरे होल्डर की मृत्यु की स्थिति में मृतक यूनिट होल्डर का नाम हटाना:

- T1 फॉर्म
- मृतक यूनिट होल्डर/होल्डर्स का ऑरिजिनल डेथ सर्टिफिकेट या सेल्फ-अटेस्टेड और नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड फोटोकॉपी
- नया बैंक मैंडेट फॉर्म, कैंसिल्ड चेक प्री- प्रिंटेड नाम और बैंक अकाउंट नंबर के साथ (या) बैंक स्टेटमेंट की कॉपी / बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, जिसमें वर्तमान एंट्रीज़ (3 महीने से अधिक पुरानी न हों) नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर या बैंक मैनेजर द्वारा अटेस्टेड हों।
- नॉमिनेशन / ऑप्ट-आउट फॉर्म
- नए बैंक अकाउंट के कैंसिल्ड चेक के साथ नया बैंक मैंडेट फॉर्म (केवल तभी जब मौजूदा बैंक मैंडेट में कोई बदलाव हो)
- प्राइमरी होल्डर और जॉइंट होल्डर/होल्डर्स की सेल्फ-अटेस्टेड PAN कॉपी, अगर पहले सबमिट नहीं की गई हो
- जीवित यूनिट होल्डर/होल्डर्स का KYC एक्नॉलेजमेंट या KYC फॉर्म, अगर KYC कम्प्लाइंट नहीं है।
- कृपया जीवित होल्डर्स का PAN-आधार लिंकेज स्टेटस चेक करें।
- FATCA और CRS डिटेल्स (अगर सबमिट नहीं की गई है तो)

ध्यान दें: फोलियो नंबर ट्रांसमिशन के बाद भी वही रहेगा।

## पहले होल्डर की मृत्यु की स्थिति में जीवित यूनिट होल्डर को यूनिट्स का ट्रांसमिशन:

- T2 फॉर्म
- मृतक यूनिट होल्डर/होल्डर्स का ऑरिजिनल डेथ सर्टिफिकेट या सेल्फ-अटेस्टेड और नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड फोटोकॉपी
- दावेदार/ नए कर्ता / गार्डियन की KYC (नॉमिनी /दावेदार के माइनर होने /मानसिक रूप से अस्वस्थ के मामले में)
- नॉमिनेशन / ऑप्ट-आउट रिक्वेस्ट
- अगर बैंक डिटेल्स में कोई बदलाव है, तो कैंसिल्ड चेक प्री- प्रिंटेड नाम और बैंक अकाउंट नंबर के साथ (या) बैंक स्टेटमेंट की कॉपी / बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, जिसमें वर्तमान एंट्रीज़ (3 महीने से अधिक पुरानी न हों) नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर या बैंक मैनेजर द्वारा अटेस्टेड हों। अगर कोई बदलाव नहीं है तो प्रूफ की आवश्यकता नहीं है।
- प्राइमरी होल्डर और जॉइंट होल्डर/होल्डर्स की सेल्फ-अटेस्टेड PAN कॉपी, अगर पहले सबमिट नहीं की गई हो
- जीवित यूनिट होल्डर/होल्डर्स का KYC एक्नॉलेजमेंट या KYC फॉर्म, अगर KYC कम्प्लाइंट नहीं है।
- अगर दावेदार माइनर है तो बर्थ सर्टिफिकेट की कॉपी।
- कृपया जीवित होल्डर्स का PAN-आधार लिंकेज स्टेटस चेक करें।
- FATCA और CRS डिटेल्स (अगर कम्प्लाइंट नहीं है)

ध्यान दें: एक नया फोलियो बनाया जाएगा।

## एकमात्र या सभी यूनिटहोल्डर्स की मृत्यु की स्थिति में रजिस्टर्ड नॉमिनी को यूनिट्स का ट्रांसमिशन

- T3 फॉर्म
- मृतक यूनिट होल्डर/होल्डर्स का ऑरिजिनल डेथ सर्टिफिकेट या सेल्फ-अटेस्टेड और नोटरी पब्लिक/गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड फोटोकॉपी। अगर नॉमिनी माइनर है तो बर्थ सर्टिफिकेट की ऑरिजिनल कॉपी।
- दावेदार/गार्डियन की KYC (नॉमिनी /दावेदार के माइनर होने /मानसिक रूप से अस्वस्थ के मामले में)
- कैंसिल्ड चेक प्री- प्रिंटेड नाम और बैंक अकाउंट नंबर के साथ (या) बैंक स्टेटमेंट की कॉपी / बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, जिसमें वर्तमान एंट्रीज़ (3 महीने से अधिक पुरानी न हों) नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर या बैंक मैनेजर द्वारा अटेस्टेड हों।
- मृतक व्यक्ति का आईडी प्रूफ [PAN/संशोधित आधार/वोटर आईडी/पासपोर्ट या PMLA गाइडलाइन्स के मुताबिक कोई अन्य वैलिड OVD], दावेदार/दावेदारों द्वारा अटेस्टेड, नोटराइज़्ड या ऑरिजिनल AMC ब्रांचेज में दिखाई जा सकती हैं और उनके द्वारा अटेस्टेड OSV सील
- अगर नॉमिनी माइनर है तो बर्थ सर्टिफिकेट की कॉपी।
- नॉमिनी/गार्डियन के PAN कार्ड की कॉपी (अगर नॉमिनी माइनर है)
- दावेदार द्वारा नॉमिनेशन/ऑप्ट आउट फॉर्म।
- FATCA और CRS डिटेल्स (अगर कम्प्लाइंट नहीं है)
- कृपया नॉमिनी का PAN-आधार लिंकेज स्टेटस चेक करें।
- 5 लाख रुपये तक की PAN लेवल वैल्यू के लिए –
- जहां ट्रांसमिशन वैल्यू 5,00,000 रुपये तक है, एनेग्ज़र -I(A)) के अनुसार बैंक मैनेजर द्वारा दावेदार/गार्डियन (अगर दावेदार माइनर है) के साइन का बैंक अटेस्टेशन।

**5 लाख रुपये से ज़्यादा की PAN लेवल वैल्यू के लिए –**

- अगर T3 फॉर्म में ट्रांसमिशन वैल्यू 5,00,000 रुपये से ज़्यादा है तो नोटरी पब्लिक या जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास द्वारा दावेदार/गार्डियन के साइन का अटेस्टेशन।

ध्यान दें: एक नया फोलियो बनाया जाएगा।

## जहां कोई नॉमिनेशन रजिस्टर्ड नहीं है, उस स्थिति में एकमात्र यूनिटहोल्डर या सभी यूनिटहोल्डर्स की मृत्यु पर दावेदार/दावेदारों को यूनिट्स का ट्रांसमिशन:

- T3 फॉर्म
- मृतक यूनिट होल्डर/होल्डर्स का ऑरिजिनल डेथ सर्टिफिकेट या सेल्फ-अटेस्टेड और नोटरी पब्लिक/गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड फोटोकॉपी। अगर दावेदार माइनर है तो बर्थ सर्टिफिकेट की ऑरिजिनल कॉपी।
- दावेदार/ नए कर्ता / गार्डियन की KYC (नॉमिनी /दावेदार के माइनर होने /मानसिक रूप से अस्वस्थ के मामले में)
- कैंसिल्ड चेक प्री- प्रिंटेड नाम और बैंक अकाउंट नंबर के साथ (या) बैंक स्टेटमेंट की कॉपी / बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, जिसमें वर्तमान एंट्रीज़ (3 महीने से अधिक पुरानी न हों) नोटरी पब्लिक या गजेटेड ऑफिसर या बैंक मैनेजर द्वारा अटेस्टेड हों।
- दावेदार/गार्डियन की सेल्फ-अटेस्टेड PAN कार्ड कॉपी (अगर दावेदार माइनर है)
- सभी कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा साइन किया गया और निष्पादित इंडेम्निटी बॉन्ड, जो दावेदारों की पुष्टि करता है (एनेग्ज़र II) - नोटराइज़्ड - 500/- का स्टाम्प पेपर
- सभी कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत शपथ पत्र (एनेग्ज़र III) - नोटराइज़्ड - 100/- का स्टाम्प पेपर
- अगर दावेदार माइनर है तो बर्थ सर्टिफिकेट की कॉपी
- दावेदार द्वारा नॉमिनेशन/ऑप्ट आउट फॉर्म (अगर कम्प्लाइंट नहीं है)

5 लाख रुपये तक की PAN लेवल वैल्यू के

लिए –

- जहां ट्रांसमिशन वैल्यू 5,00,000 रुपये तक है, एनेग्ज़र -I(A)) के अनुसार बैंक मैनेजर द्वारा दावेदार/गार्डियन (अगर दावेदार माइनर है) के साइन का बैंक अटेस्टेशन।
- दावेदारों के अलावा NOC/शपथपत्र पर साइन करने वाले सभी कानूनी उत्तराधिकारियों का आइडेंटिटी प्रूफ (इसमें प्रोबेट/ LOA / सक्सेशन सर्टिफिकेट में उल्लिखित दावेदार शामिल नहीं हैं)
- मृतक यूनिटहोल्डर/होल्डर्स के साथ दावेदार के संबंध को प्रमाणित करने वाले डॉक्युमेंट। दावेदार द्वारा अटेस्टेड मृतक के PAN कार्ड/संशोधित आधार कार्ड की कॉपी, नोटराइज़्ड या ऑरिजिनल AMC ब्रांचेज में दिखाई जा सकती हैं और उनके द्वारा अटेस्टेड OSV सील।
- अन्य कानूनी उत्तराधिकारियों से NOC (एनेग्ज़र - IV): अगर PAN लेवल पर वैल्यू 5 लाख रुपये तक है, तो कानूनी उत्तराधिकारियों/दावेदारों, जिन्हें सिक्योरिटीज ट्रांसमिट की जानी हैं, उनसे निर्दिष्ट फॉर्म में नोटराइज़्ड इंडेम्निटी बॉन्ड लेना ज़रूरी है। हालाँकि, गैर-दावेदारों से नो ऑब्जेक्शन केवल तभी चाहिए होगा जब रजिस्टर्ड वसीयत के अनुसार कई बेनेफिशरी हों, लेकिन उन सभी ने अपना दावा छोड़ दिया हो और आवेदक (दावेदार) द्वारा यूनिट्स के ट्रांसमिशन का दावा करने पर उन्हें कोई आपत्ति न हो। ऐसे मामलों में, निर्दिष्ट फॉर्मेट के अनुसार नोटरी पब्लिक या किसी गज़ेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्टेड NOC के साथ PAN/ OVD भी प्राप्त करना होगा।

अगर PAN लेवल वैल्यू 5 लाख रुपये से ज़्यादा लेकिन 10 लाख रुपये तक है -

- अगर ट्रांसमिशन वैल्यू 5,00,000 रुपये से ज़्यादा है तो नोटरी पब्लिक या जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास द्वारा दावेदार के साइन का अटेस्टेशन।
- (i) प्रमाणित या रजिस्टर्ड वसीयत की नोटराइज़्ड कॉपी। रजिस्टर्ड वसीयत के मामले में, इसके साथ दावेदार (मतलब वसीयत के उपयुक्त बेनेफिशरी) से नोटराइज़्ड इंडेम्निटी बॉन्ड भी दिया जाएगा या
